


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 8 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-280 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



संवाद आर.ओ.46468/100





## संक्षिप्त-समाचार

### गोल्डी बराड़ भगोड़ा घोषित

**नई दिल्ली,8 जनवरी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चंडीगढ़ स्थित विशेष अदालत ने आतंकी सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को भगोड़ा घोषित कर दिया है. अदालत ने आदेश दिया है कि उसे 30 दिनों के भीतर पेश किया जाए. जानकारी के अनुसार, गोल्डी बराड़ को 20 जनवरी 2024 को एक कारोबारी के अपहरण मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था. बाद में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया था. बताया जा रहा है कि गोल्डी बराड़ फिलहाल कनाडा में है. जांच एजेंसियां उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है. गौरतलब है कि पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी गोल्डी बराड़ को मास्टरमाइंड बताया गया था. उसी ने हत्या की पूरी साजिश रची थी.

### 'लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**रायपुर, 08 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग 21 से 23 जनवरी, 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में 'लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2026' के उद्घाटन की मेजबानी करेगा। इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में 'इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट' द्वारा किया जा रहा है।

चुनाव प्रबंधन और लोकतंत्र के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इसमें दुनिया भर के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशन और चुनाव क्षेत्र के शैक्षणिक व व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह सम्मेलन वर्ष 2026 के लिए 'इंटरनेशनल आइडिया' के सदस्य देशों की परिषद की अध्यक्षता भारत द्वारा ग्रहण किए जाने पर भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त, श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा निर्धारित एजेंडे को आगे बढ़ाएगा।

### सास और बच्चों के साथ मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

**कांकेर,8 जनवरी।** कांकेर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। नरहरपुर थाने के मर्रामपानी में घर वालों ने मिलकर नशेड़ी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय व्यक्ति के रूप में हुई है, जो शराब पीकर अपने परिवार से मारपीट करता था। परिजनों ने बताया कि, मृतक शराब के नशे में परिवार वालों से मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर उसकी मां, पत्नी और बच्चों ने मिलकर उसकी हत्या करने का साजिश रची और जब घटना के दिन भी मृतक ने शराब पीकर परिवार के सदस्यों से मारपीट की, तब परिजनों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों ने मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया है, जिसमें उसकी मां, पत्नी और बच्चों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### झारखंड शराब घोटाला: फरार आरोपी नवीन केडिया गोवा से गिरफ्तार

**रांची/दुर्ग:**झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसीबी की टीम ने मामले के मुख्य आरोपियों में से एक, छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी नवीन केडिया को गोवा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद एजेंसी उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची के लिए रवाना हो गई है। नवीन केडिया पर शराब घोटाले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप है। एसीबी ने उसे पूछताछ के लिए समन जारी कर तलब किया था, लेकिन वह जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

# छत्तीसगढ़ के न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी

## रायपुर,बिलासपुर,राजनांदगांव की जिला अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

**राजनांदगांव,8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ से इस वक्त की बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, राजनांदगांव जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से गुरुवार को हड़कंप मच गया। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और कोर्ट परिसर को पूरी तरह खाली करा लिया गया। जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बम निरोधी दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने कोर्ट परिसर में जांच शुरू कर दी। आम लोगों, वकीलों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस मामले में एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। फिलहाल कोर्ट परिसर में किसी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, सुरक्षा एजेंसियां जांच कर रही हैं। पुलिस धमकी भरा मेल भेजने वाले व्यक्ति की लोकेशन का पता लगाने में जुटी हुई है। इसी तरह बिलासपुर जिला न्यायालय को आज सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली है. धमकी न्यायालय की शासकीय ई-मेल आईडी पर भेजी गई है. जिसके बाद न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई. सुरक्षा एजेंसिया तत्काल अलर्ट मोड पर आ गई. धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया. वकीलों, न्यायालय कर्मचारियों और आम नागरिकों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है. अचानक हुई इस कार्रवाई से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया. धमकी को गंभीरता से लेते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. साथ ही बम स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा न्यायालय परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए हैं. फिलहाल धमकी देने वाले की पहचान और मेल की जांच की जा रही है. स्थिति पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है और जांच जारी है.



### देशभर के कोर्ट में सुरक्षा सख्त

बिलासपुर। आज सुबह एनआईसी में एक गंभीर मैसेज चला। संदेश के बाद देशभर के साथ ही छत्तीसगढ़ की पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। छत्तीसगढ़ के जिला न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। बिलासपुर जिले के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि एनआईसी में मैसेज चलने के बाद जिला कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। संदिग्धों की तलाश की जा रही है। दरअसल मद्रास कोर्ट के जज को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार के निर्देश के बाद एनआईसी में मैसेज चला। इस संदेश के बाद बिलासपुर व रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिला कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

# भारत पर 500% टैरिफ लगाने की तैयारी में ट्रंप

**रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और चीन पर सीधे हमले की तैयारी**

**वाशिंगटन,8 जनवरी।** अमेरिका से भारत के लिए बुरी खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर 500% टैरिफ लगा सकते हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए ये दंड अमेरिकी राष्ट्रपति भारत पर लगा सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रंप अगले हफ्ते में लिमिट क्रॉस करते हुए टैरिफ का भारी बोझ भारत पर लगा सकते हैं। भारत के साथ-साथ चीन पर भी ट्रंप 500 फीसदी टैरिफ लगा सकते हैं। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसे बिल को मंजूरी दे दी है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। बिल लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। इसके बाद भारत और चीन पर अमेरिकी टैरिफ बहुत ज्यादा बढ़ सकता है। यह कदम यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने घोषणा की कि राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों, जिनमें भारत, चीन और ब्राजील शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाने वाले द्विदलीय विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक का उद्देश्य यूक्रेन संघर्ष के बीच पुतिन की युद्ध मशीन को बढ़ावा देने वाले" देशों पर आर्थिक दबाव डालना है। इस विधेयक पर अगले सप्ताह मतदान हो सकता है। इसके तहत ऐसे देशों पर सख्ती लगाई जा सकेगी जो जानबूझकर रूस से तेल और यूरेनियम खरीद रहे हैं। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को जंग जारी रखने के लिए पैसा मिलता है। हाल के दिनों में ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि भारत पर नए टैक्स लगाए जा सकते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानते थे कि वह खुश नहीं हैं ट्रंप ने कहा, 'पीएम मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन मुझे खुश रखना जरूरी था। हम बहुत जल्दी टैक्स बढ़ा सकते हैं।



# जंबूरी विवाद, बृजमोहन ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका

**बिलासपुर,8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में 9 से 13 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी को लेकर विवाद और गहराता जा रहा है। इस मामले में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की राज्य परिषद का वैधानिक अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने इस संबंध में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि उन्हें अध्यक्ष पद से हटाने का प्रस्ताव असंवैधानिक और एकतरफा है। न तो उन्हें इस संबंध में कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही पक्ष रखने या सुनवाई का कोई अवसर दिया गया। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि वे सांसद होने के साथ-साथ परिषद के वैधानिक अध्यक्ष हैं और इसी हैसियत से उन्होंने 5 जनवरी को जंबूरी से संबंधित बैठक भी आयोजित की थी। हाईकोर्ट में सांसद बृजमोहन अग्रवाल की याचिका पर शीघ्र सुनवाई होने की संभावना जताई जा रही है।



दरअसल, पूरे विवाद के केंद्र में सांसद बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बीच स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारी है। दोनों ही नेता स्वयं को अध्यक्ष बता रहे हैं, जिससे आयोजन की वैधता, अधिकार और निर्णय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आरोप है कि जंबूरी आयोजन में करीब 10 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई है, इसी कारण उन्होंने आयोजन को रद्द करने का निर्णय लिया। उनका कहना है कि यह आयोजन मूल रूप से नवा रायपुर में प्रस्तावित था, लेकिन बिना वैधानिक प्रक्रिया के इसे बालोद जिले में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने याचिका में यह भी कहा है कि वे लंबे समय से स्काउट गाइड के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं, इसके बावजूद उन्हें बिना जानकारी दिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और स्थान बदला जा रहा है। गौरतलब है कि विवाद की शुरुआत 13 दिसंबर 2025 को उस आदेश से मानी जा रही है, जो स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के खेमे से मीडिया को जारी किया गया था। इस आदेश में उन्हें स्काउट्स एंड गाइड्स का पदेन अध्यक्ष बताया गया। इसके बाद से ही संगठन के भीतर अधिकार, जिम्मेदारी और फैसलों को लेकर अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई। इस बीच राज्य सरकार की ओर से जारी एक प्रेस नोट में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी अपने तय कार्यक्रम के अनुसार 9 से 13 जनवरी 2026 तक दुधली, जिला बालोद में आयोजित की जाएगी। सरकार का कहना है कि आयोजन की सभी तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुरूप चल रही हैं। फिलहाल, मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजर अदालत के फैसले पर टिकी है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि स्काउट गाइड संगठन में वैधानिक अध्यक्ष कौन है और जंबूरी आयोजन का भविष्य क्या होगा। जंबूरी के बाद अब राजिम कुंभ की टेंडर प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल, कांग्रेस ने चहेतों को फायदा पहुंचाने का लगाया आरोप·

# भारत की 2040 तक चांद पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना

**नई दिल्ली,8 जनवरी।** पूर्व इसरो प्रमुख ए एस किरण कुमार ने कहा कि भारत 2040 तक चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना बना रहा है। कुमार वर्तमान में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के प्रबंधन परिषद के अध्यक्ष हैं। वह 5वें एस्ट्रोनामिकल सोसाइटी आफ इंडिया (एएसआइ) संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "अभी और 2040 के बीच बहुत सारे मिशन हैं जो अंतरिक्ष गतिविधियों में जाने वाले हैं। इसलिए, 2040 एक योजना है जहां हम भारतीयों को चंद्रमा पर उतारना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना चाहते हैं। भारत 2040 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। 'उन्होंने कहा, निकट भविष्य में चंद्रयान अनुवर्ती मिशन होगा और लैंडर और रोवर के लिए जापान के साथ काम चल रहा है। उन्होंने कहा, "हमें दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र (चंद्रमा के) में कुछ विशिष्ट जानकारी खोजने की कोशिश करनी चाहिए। यह उससे आगे की कई गतिविधियों की शुरुआत होगी।

# बांग्लादेश ने कोलकाता, मुंबई, चेन्नई में की वीजा सेवाएं सीमित

**कोलकाता,8 जनवरी।** भारत और बांग्लादेश के बीच वीजा को लेकर तनाव और बढ़ गया है। बांग्लादेश ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रतिबंधों को और सख्त करते हुए गुरुवार से कोलकाता, मुंबई और चेन्नई स्थित अपने डिप्टी हाई कमीशनों में भी वीजा सेवाएं सीमित कर दी हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के प्रमुख अखबार ढाका ट्रिब्यून ने दी है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार रात यह निर्णय संबंधित मिशनों को सूचित किया। मंत्रालय ने वीजा सेवाओं में कटौती के पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। हाल के दिनों में भारत-बांग्लादेश संबंधों में तल्खी देखने को मिली है, खासकर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद भारत में शरण लेने से हालात और जटिल हुए हैं। नई व्यवस्था के तहत बिजनेस और रोजगार (एम्प्लॉयमेंट) वीजा को छोड़कर सभी श्रेणियों के वीजा निलंबित कर दिए गए हैं। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, कोलकाता स्थित बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन में कांसुलर और वीजा सेवाएं पूरी तरह से रोक दी गई हैं। वहीं मुंबई और चेन्नई में पर्यटक समेत अन्य वीज़ा सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। कोलकाता मिशन के एक अधिकारी ने अखबार से कहा कि यह फैसला उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लिया गया है और फिलहाल केवल बिजनेस व रोजगार वीजा ही प्रोसेस किए जा रहे हैं।

ताजा कदम 22 दिसंबर को लगाए गए पहले दौर के प्रतिबंधों के बाद उठाया गया है। उस समय बांग्लादेश ने नई दिल्ली स्थित अपने हाई कमीशन, अगरतला (त्रिपुरा) के असिस्टेंट हाई कमीशन और सिलीगुड़ी के वीजा सेंटर में वीजा व कांसुलर सेवाएं निलंबित कर दी थीं। इसके अलावा गुवाहाटी (असम) स्थित बांग्लादेश मिशन में भी कांसुलर सेवाएं रोक दी गई थीं। नई पाबंदियों के साथ भारतीय नागरिकों के लिए बांग्लादेशी वीजा अब बेहद सीमित श्रेणियों और चुनिंदा स्थानों तक सिमट गया है।




*रायपुर। यह कोई सरकारी राशन के लिए कतार नहीं लगी है। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सरकारी निवास के बाहर का नजारा है। आज जनदर्शन में मुख्यमंत्री से फरियाद करने समस्याग्रस्त लोगों व शिकायतकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।*

### रिलायंस बायोगैस प्लांट किसानों का पैरा मुफ्त उठा कर गैस बना रहा

# एसडीएम पाटन को सौंपा गया ज्ञापन, एक सप्ताह में मूल्य तय नहीं हुआ तो तालाबंदी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,8 जनवरी।** ग्राम जामगांव एम स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के बायोगैस प्लांट द्वारा किसानों से पैरा मुफ्त में उठाए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज किसानों से बिना भुगतान के पैरा लेकर उसका उपयोग गैस निर्माण में कर रही है और मुनाफा कमा रही है, जो किसानों के साथ सीधा अन्याय है।

इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष भाजपा उत्तर मंडल पाटन लोकमणि चंद्राकर के नेतृत्व में किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पाटन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि किसान कड़ी मेहनत से धान की फसल उगाता है और धान कटाई के बाद पैरा का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जाता है। बायोगैस प्लांट की स्थापना के बाद किसानों को उम्मीद थी कि पैरा का भी उचित मूल्य मिलेगा, लेकिन कंपनी द्वारा पैरा मुफ्त में उठाया जाना किसानों के साथ धोखा है।

किसानों ने मांग की है कि पैरा का उचित मूल्य एक सप्ताह के भीतर निर्धारित किया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि तय समय सीमा में किसानों को न्याय नहीं मिला तो आठवें दिन बायोगैस प्लांट में तालाबंदी की जाएगी। किसानों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर उनका शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की**

इस अवसर पर उत्तर पाटन के पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, मध्य पाटन मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू,उपाध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग हर्षा चंद्राकर जय नारायण वर्मा,दुष्यंत शर्मा,राजू साहू सरपंच, महेद्र वर्मा, कृष्णा हरबंश सरपंच, हरि शंकर साहू कमलनारायण वर्मा, रमाकांत यादव, लीलाराम चंद्राकर,हेमंत कुमार सेन,राकेश चंद्राकर,चंचल यादव,अखिल चंद्राकर,तोरण नेताम, राकेश कुमार साहू सरपंच, मनीष कोसले प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## डीएम की सख्ती से अवैध क्रशरों पर कार्रवाई, पर्यावरण से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**भिलाई, 8 जनवरी।** जिला कार्यालय में आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी मंच बनता जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह की संवेदनशील पहल पर ग्राम पंचायत पतोरा एवं मुड़पार में अवैध रूप से संचालित क्रशरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। विगत सोमवार को आयोजित जनदर्शन में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पतोरा में नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे अवैध क्रशरों की शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्रशरों के कारण पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुँच रही है तथा निर्धारित मानकों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी को भावभीनी विदाई




**कवर्धा,8 जनवरी (तछसं.)।** जिला पंचायत कबीरधाम में उप संचालक पंचायत राज तिवारी, लेखाधिकारी भानु प्रताप नेताम, सहायक परियोजना अधिकारी अमन यादव, के के साहू, सीईओ जनपद पंचायत स लोहारा शिव कुमार साहू, सीईओ बोडला आकाश सिंह , पी आर ओ विनीत दास , स्टेनो राकेश पटेल , जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन स्वाति शुक्ला , डाटा एंट्री ऑपरेटर जितेंद्र प्रसाद शर्मा , कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक दुबे प्रधानमंत्री आवास जिला समन्वयक दुर्गेश शर्मा , एस डी ओ वेद प्रकाश साहू , डाटा एंट्री ऑपरेटर अनुपम दुबे , सहायक प्रोग्रामर माखन लाल जायसवाल , अकाउंटेड भुवनेश्वर सिन्हा सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारीयो ने विदाई समारोह में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी को गिफ्ट भेंटकर सम्मान किया और उनके व्यवहार और कार्यों की तारीफ की । जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के मंत्री अरुण साव के ओ एस डी बनने पर बधाई भी दी गई ।

### कबीरधाम जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 9 जनवरी को

**कवर्धा,8 जनवरी (तछसं.)।** कबीरधाम जिला साहू संघ एवं समस्त तहसीलों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आगामी 9 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को दोपहर 1:30 बजे पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आदि शामिल हैं।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में धरोहर महादेव हिरवानी का प्रदर्शन भी होगा। साहू समाज के इस आयोजन से संगठन को नई मजबूती मिलेगा । समाज के सभी सदस्यों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### ढौर निवासी हरप्रसाद आडिल बने घुघवा शक्ति केन्द्र प्रभारी



**कवर्धा,8 जनवरी (तछसं.)।** जिला भाजपा संगठन के आदेश अनुसार पाटन मंडल भाजपा का शक्ति केंद्र का पुनर्गठन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर के आदेश अनुसार किया गया जिसमें क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य हर प्रसाद आडिल को घुघुवा का शक्ति केंद्र प्रभारी बनाया गया है इस नियुक्ति पर रामलाल साहू मायाराम यादव सुखराम विश्वकर्मा मीराबाई रजनी कोरिया रोमनाथ हिरवानी काशीराम भोज राम यादव, लक्ष्मण यादव, राजू राजपूत, सोनू राय, रुकमज यादव, ने बधाई दिया है।

### बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल ने सीजीएम सेफ्टी से की मुलाकात



**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारी प्रतिनिधिमंडल ने सीजीएम सेफ्टी सतपथी से मुलाकात कर संयंत्र में सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान संयंत्र के अंदर सड़कों की जर्जर स्थिति में सुधार, मुख्य गेटों पर लगने वाले जाम तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि एचआरडीसी के पास स्थित बाइक स्टैंड में वाहन खड़ा करने के बाद ठेका श्रमिकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा पैदल विपरीत दिशा से प्रवेश करने के कारण संयंत्र के भीतर कार्मिकों एवं बाइक सवारों के लिए दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसे दूर करने के लिए ठेका श्रमिकों के पैदल प्रवेश हेतु आउट गेट के किसी एक गेट से अलग व्यवस्था की जा सकती है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उप महासचिव हरिशंकर चतुर चतुर्वेदी ने कहा कि संयंत्र के अंदर सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार तो हुए हैं, लेकिन गेट के बाहर की स्थिति लगातार प्रतिकूल होती जा रही है। बायोमेट्रिक व्यवस्था के कारण कर्मचारियों में आपाधापी बढ़ी है, जिससे वाहनों की गति तेज हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उप महासचिव वशिष्ठ वर्मा ने कहा कि बोरिया गेट पर फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस अवसर पर भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष आई.पी. मिश्रा ने कहा कि बीएसपी कर्मचारियों और ठेका कर्मचारियों के लिए नियम समान रूप से लागू होने चाहिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बन सके।

### ईश्वर को जाने बिना माया से पार नहीं हो सकता जीव: श्रीश्वरी देवी



**भिलाई, 8 जनवरी।** पंचम मूल जगद्गुरु भक्तियोग रसावतार 1008 स्वामी कृपालु जी महाराज की कृपापात्र प्रचारिका सुश्री श्रीश्वरी देवी के दार्शनिक प्रवचन के तृतीय दिवस में श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हुआ। प्रवचन के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि ईश्वर को जाने बिना कोई भी जीव माया से पार नहीं हो सकता और इसके अतिरिक्त कोई अन्य मार्ग नहीं है। देवी जी ने वेद-शास्त्रों के अनेक प्रमाण प्रस्तुत करते हुए बताया कि ईश्वर को इंद्रिय, मन एवं बुद्धि के द्वारा जाना असंभव है, क्योंकि हमारी इंद्रियां, मन और बुद्धि प्राकृत हैं, जबकि भगवान पूर्णतः दिव्य हैं। प्राकृत साधनों से दिव्य तत्व को ग्रहण नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान स्वयं इंद्रिय, मन एवं बुद्धि के प्रेरक, प्रकाशक, धारक, ज्ञाता और सर्वज्ञ हैं, जबकि जीव अल्पज्ञ है। इसलिए जीव अपने प्रयास मात्र से ईश्वर को नहीं जान सकता। वेद-शास्त्रों के आधार पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण तथ्य भी रखा कि भगवान को एक गधा भी जान सकता है, किंतु यह केवल तब संभव है जब उस पर भगवान की कृपा हो जाए। अर्थात केवल साधना के बल पर नहीं, बल्कि भगवत्कृपा से ही ईश्वर का साक्षात्कार संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने प्रवचन को अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक बताया।

### कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रश्न के विकल्प को लेकर स्पष्टीकरण

**महासमुंद 8 जनवरी ।** महासमुंद जिले में आयोजित कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा के अंग्रेजी विषय के एक प्रश्न के संभावित उत्तरों के चार विकल्पों में से एक विकल्प को लेकर उत्पन्न स्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे ने स्थिति स्पष्ट किया है।डीईओ श्री लहरे ने बताया कि संबंधित प्रश्न का चयन कर उसे प्रिंट हेतु भेजा गया

## एक नजर

### हत्या का प्रयास,तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई बाल काटने के विवाद पर चाकू से वार कर हत्या का प्रयास करने वाले एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर साइकिल जब्त किया है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकर ने बताया कि 4 जनवरी को प्रार्थी राजेश कुमार सेन ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका 18 नंबर रोड पटेल डेयरी के पास क्लासिक कट्स के नाम से सेलून दुकान है रात 9.30 बजे दुकान को बंदकर उसका बेटा पूनाराम सेन उर्फ विक्की घर आते समय घर के पास गली में पहुंचा था कि तभी वहां पर कोई अज्ञात व्यक्ति जो अपने मुंह में गमछा बांधा हुआ था अपने हाथ में रखे चाकू से उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से प्राण घातक वार चाकू उसके बेटे के पीठ में लगने से चोट आई तो उसे इलाज के लिए मोहल्ले के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना छावनी में धारा 109, 61(2),3(5) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान संदेही नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 4 जनवरी को वह बाल कटाने क्लासिक कट्स सेलून गया था, जहां दुकान में पूनाराम सेन उर्फ विक्की को बाल काटने बोला, पूनाराम दूसरे का बाल काट रहा था तो नहीं काटा। इस पर दोनों में विवाद गाली गलौज होने पर वहां से चले गया । उक्त बात अपने साथी शेख शाहिल को तथा शेख शाहिल ने निकेश सेन को बताया । सभी मिलकर पूनाराम से बदला लेने का प्लानिंग उसी दिनकर,प्लानिंग के तहत शेख शाहिल ने अपने पास रखे धारदार चाकू नाबालिग को निकेश के सामने दिया फिर शेख अपने होण्डा एक्टिवा को चलाते हुए शास्त्री नगर के पास पूनाराम पर वार कर चोट पहुंचाना व घटना के बाद शेख व नाबालिग के साथ भाग जाना बताया।

### लूट के आरोपी को सजा मिली

**भिलाई, 8 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई चाकू का डर दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को कोर्ट ने सजा दी है। जिला सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर की कोर्ट ने आरोपी ऋषि कुमार यादव को धारा 397 के तहत 7 वर्ष सश्रम कारावास, 500 रुपए अर्थदंड, धारा 341 के तहत एक माह साधारण कारावास 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने पैरवी की थी।

11 अगस्त 2023 की दोपहर को पटेल स्टील रामनगर में वेल्डर का काम करने वाला प्रार्थी हेमंत चंद्राकर अपनी टीवीएस जूपिटर सीजी 07 सी एफ 3344 पर अपने दोस्त के साथ बघेरा नयापारा से अपने घर खाना खाने जा रहा था। तुलाराम आर्य कन्या स्कूल के पास सुनसान जगह पर आरोपी ऋषि कुमार यादव निवासी पचरी पारा कुआं चौक वार्ड नंबर 28 ने हेमंत चंद्राकर का रास्ता रोक दिया और अपने पास रखे चाकू को लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने प्रार्थी के जेब में रखे 1400 रुपए और उसके मोबाइल को लूट लिया था।

### साइबर ठगी,आरोपी को तीन साल की सजा

**भिलाई, 8 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई ऑनलाइन छल करते हुए बैंक खाते का उपयोग साइबर ठगी में करने वाले आरोपी को कोर्ट ने सजा दी है प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग शेख अशरफ की कोर्ट ने आरोपी मोहम्मद रफीक को धारा 317 (2) के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास, 13000 रुपए अर्थदंड, धारा 61 (2) के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास 13000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

दोनों सजा साथ-साथ चलेगी अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज बेलचंदन ने पैरवी की थी। रायपुर नाका केजीएन मस्जिद के पास वार्ड नंबर 47 निवासी मोहम्मद रफीक ने 15 अगस्त 2024 एवं उसके आसपास पंजाब नेशनल बैंक स्टेशन रोड के खाता में 25-25 हजार रुपए को प्रार्थी रुखसार खान एवं अन्य व्यक्ति से ऑनलाइन छल करते हुए प्राप्त राशि को अपने पास रखा था। आरोपी ने साइबर फ्रॉड कर दो व्यक्तियों के खाता से रकम प्राप्त कर लिया था। उक्त खाता को ऑनलाइन साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने में कर रहा था शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने जांच की थी ।

# कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई

**दुर्ग, 8 जनवरी ।** जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले 'कलेक्टर जनदर्शन' कार्यक्रम अब आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इसी कड़ी में, दुर्ग कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की संवेदनशीलता के चलते ग्राम पंचायत पतोरा और मुड़पार में अवैध रूप से संचालित क्रशरों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। विगत सोमवार को आयोजित जनदर्शन में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पतोरा में नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे अवैध क्रशरों की शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप था कि इन क्रशरों के संचालन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि निर्धारित मानकों की भी अनदेखी की जा रही है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने तत्काल खनिज विभाग को जाँच और कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध उत्खनन और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में खनिज विभाग की टीम ने पतोरा और नजदीकी ग्राम मुड़पार का औचक निरीक्षण किया।



**सर्व समाज कल्याण समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की मुलाकात**

**भिलाई, 8 जनवरी।** हैवी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्व समाज कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे सेवा एवं जनहित कार्यों की सराहना करते हुए समिति को बधाई दी। मुलाक़ात के दौरान सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी, महेंद्र सिंह, सुधीर चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, बलजीन्दर सिंह बिल्ला, मुन्ना सिंह, संतोष सिंह, वाजीद अंसारी, सुनील यादव सहित समिति के अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

# निगम की आय बढ़ाने और जन सुविधाएं दुरुस्त करने आयुक्त ने कसी कमर



भिलाई, 8 जनवरी। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने निगम की आय बढ़ाने और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज निगम सभागार में विभाग प्रमुखों एवं जोन आयुक्तों की विशेष समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व वसूली, पेयजल व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम की दुकानों एवं अन्य संपत्तियों से विधिवत किराया वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि लंबे समय से संपत्ति कर एवं जल कर जमा नहीं करने वाले भूखंड एवं आवास स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। नागरिकों से अपील करते हुए आयुक्त पांडेय ने कहा कि संपत्ति कर और जल कर समय पर जमा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। करों से प्राप्त राशि से ही शहर का विकास और जन सुविधाओं का विस्तार संभव होता है। समय पर भुगतान नहीं होने से व्यवस्थाओं को सुधारने में बाधा आती है। पेयजल व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता सुनील जैन को निर्देशित किया कि पाइपलाइन एवं पानी टंकियों में उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने उच्च क्षमता वाले पुराने पानी टंकियों की मरम्मत विशेषज्ञ टीम से कराने के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुगम आवागमन जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो और आवश्यक सुधार तत्काल किए जाएं। बैठक में कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत, पीएम पोर्टल, निदान 1100 सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा उनके निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राजस्व अधिकारी श्री जे.पी. तिवारी को भी कड़े निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे एवं डी.के. कोसरिया, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा सहित सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने लिया जमीनी हकीकत का जायजा, पानी से लेकर सफाई और उद्यानों का किया निरीक्षण



भिलाई, 8 जनवरी। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन-1 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण कर नगर की बुनियादी सुविधाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन पानी टंकी, आवासीय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था तथा उद्यानों में बच्चों के लिए स्थापित खेल सामग्रियों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।नेहरू नगर जोन-1 अंतर्गत चौहान ग्रीन वैली के समीप ईडब्ल्यूएस के लिए प्रधानमंत्री आवास क्षेत्र में निर्माणाधीन पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया और टंकी के साइज को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टंकी के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त खम्हरिया दीनदयाल कॉलोनी भी पहुंचे, जहां कॉलोनी वासियों द्वारा घरों की छतों से कचरा फेंके जाने की स्थिति सामने आई। इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री जावेद अली को तत्काल कचरा हटाने, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कॉलोनी की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। नेहरू नगर स्थित नमो उद्यान में किए गए सौंदर्यीकरण कार्य एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु स्थापित नई खेल सामग्रियों का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया तथा उद्यान के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया। इस अवसर पर जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता बसंत साहू एवं अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**दुर्ग, 8 जनवरी ।** दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार की संध्या कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एजेण्डा अनुसार मोबाइल मेडिकल युनिट हेतु दवाई खरीदी, वित्तीय वर्ष 2024-25 के ऑडिट रिपोर्ट अनुमोदन पर चर्चा की गयी। इसके अलावा ई-बस सेवाओं के लिए रूट चार्ट, कंडम बसों की नीलामी हेतु निविदाएं आमंत्रित करने, सड़क किनारे खड़ी कंडम गाड़ियों को निगम द्वारा हटाने की कार्यवाही, सड़कों पर टायर एवं प्लास्टिक अपशिष्ट कूड़े जलाने पर रोक लगाने व सोसायटी की बैठक नियमित अंतराल में आयोजित करने आदि पर भी चर्चा की गयी। बैठक में नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त परिवहन, श्रम, पर्यावरण तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# संयंत्र के आवासों का नियमितीकरण करने में सहभागिता निभाएगा रिसाली निगम



**रिसाली 8 भिलाई ।** इस्पात संयंत्र द्वारा बनाए आवासों के नियमितीकरण के मामले में नगर पालिक निगम रिसाली और भिलाई निगम मिलकर नोटिस व अन्य कानूनी कार्यवाही पूर्ण करेंगे। इसके लिए रिसाली निगम लिखित में नगर पालिक निगम भिलाई को सहमति देगा। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र विभिन्न क्षेत्र में आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण किया है। इसके लिए किसी भी प्रकार की अनुमति संयंत्र ने नहीं ली थी। वर्तमान मे रिसाली निगम भिलाई से अलग हो चुका है। रिसाली निगम क्षेत्र में भी टाऊनशिप का क्षेत्र शामिल है। यही वजह है कि नियमितीकरण के लंबित मामले को पूर्ण कर प्रकरण को सेटलमेंट करने रिसाली भिलाई निगम का सहयोग करने का निर्णय लिया है। संपूर्ण कार्यवाही का नेतृत्व नगर पालिक निगम भिलाई करेगा। इसके लिए नगर पालिक निगम रिसाली के महापौर परिषद ने यह निर्णय लिया है। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, रोहित धनकर, रंजिता बेनुआ समेत आयुक्त मोनिका वर्मा कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे। वर्तमान में शहर की सफाई व्यवस्था के लिए चार हिस्सों में विभक्त कर एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया गया है। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि आने वाले वर्ष में एक कार्य आदेश जारी करने के पूर्व अनुमति प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। वहीं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए परिषद के सद्स्यों ने पूर्व में हुए एजेंसी के कार्य आदेश में समय सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया है।महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पुरैना में विभिन्न विकास कार्य को एनएसपीसीएल के सीएसआर मद से कराने प्रस्ताव भेजा जाए। खास बात यह है कि इसके लिए पूर्व में विधायक ने भी एनएसपीसीएल के लिए पत्र लिखा है।

### महापौर ने वार्ड-43 मुक्त नगर नालों की सफाई देखी और लापरवाही पर जताई नाराजगी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम।महापौर अलका बाघमार ने आज लोक-कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, वार्ड पार्षद दीपक साहू,अजय वर्मा तथा उप-अभियंता हरीशंकर साहू के साथ वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर के नालों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महापौर ने मुक्त नगर आंगनबाड़ी के पास स्थित नाले में बांस डालकर सिल्ट की गहराई परखी। जैसे ही सफाईकर्मी ने बांस डाला, यह स्पष्ट हो गया कि नाले की सफाई ठीक से नहीं कराई गई थी।

# ओमकार हॉस्पिटल की शिकायत पहुंची स्वास्थ्य मंत्री तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 8 जनवरी।** जिले में प्रशासन तंत्र किस तरह से चल रहा है और उसमें स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति है वह देखते ही बन रही है कि आज छत्तीसगढ़ में कई प्रकार की स्वास्थ्य विभाग की खबरें और निजी अस्पतालों की करतूत सामने निकल कर आ रही है जिस पर प्रशासन नर्सिंग एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कई जिलों के निजी अस्पताल के लायसेंस रद्द कर सील कर चुका हैं इसी तारतम्य में जिला बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने आज सर्किट हाउस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन देते हुए बताया कि किस तरह से बलौदाबाजार जिले में ओमकार हॉस्पिटल स्थापित है जहां पर किस तरह से मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, परिजन ईलाज कराने से मना करे या डिस्चार्ज कराना चाहे तो मरीजों से जमकर बेहिसाब वसूली की जाती है जिसकी शिकायतें लगातार प्रार्थियों द्वारा की जा रही है द्य अस्पताल प्रबंधक किस तरह से नर्सिंग होम एक्टर की धज्जियां उड़ा रही है और मरीजों के साथ बत्सलुकी भी की जा रही है यहां तक की स्वास्थ्य विभाग की अनुबंध के मुताबिक भी कार्य नहीं कर पा रही है और शासन की योजनाओं के अनुकूल भी सेवाएं नहीं दे पा रही है और व्यवस्था सुदृढ़ भी नहीं कर पा रही है द्य बलौदाबाजार प्रेस क्लब एवं पत्रकारो ने उठाया था मामला और खबरें चली तो उल्टा अस्पताल प्रबंधक ने पत्रकारों को झूठे आरोपों में फंसाने की कोशिश प्रार्थी राधेलाल पटेल गिरौधपुरी ने की लिखित शिकायत के साथ पुलिस आदि को सौंपा लगभग 22 मिनट का ऑडियो रिर्कोडिंग जिसमें अस्पताल के सारी मानसिकता और पोल खोल कर रख दी हैं द्य लिहाजा जिला प्रेस क्लब बलौदाबाजार ने स्वास्थ्य मंत्री को लगातार हो रहे निजी ओमकार अस्पताल के खिलाफज्ञापन दिए और विधिवत जांच करने की बात कहे जिस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तत्काल मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश अवस्थी को बुलवाकर ओमकार हॉस्पिटल के खिलाफ चल रही जांच पर उसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द देने को कहा। अब देखने वाली बात यहां होगी कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर प्रशासन किस तरह से इस मामले को संज्ञान में लेती है और आज दिनांक तक जो 4 महीने से लगातार शिकवा शिकायत हो रही है उस पर जांच अभी भी लंबित है उस पर अभी तक क्या कार्यवाही हुई और किस तरह से रिपोर्ट तैयार हुई है वह कब तक प्रशासन के द्वारा प्रेषित करेगी।

## एक नजर

### बेखौफ होकर धारदार हथियार लेकर घूम रहे असामाजिक तत्व

**डोंगरगढ़ 8 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के सबसे व्यस्त इलाके नया बस स्टैंड में गत दिनों कानून-व्यवस्था की पोल उस वक्त खुल गई, जब मामूली ऑटो किराए के विवाद में एक युवक पर चाकूनुमा धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस की सक्रियता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 22 रविदास नगर डोंगरगढ़ निवासी दिनेश कुर्रे जो ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बस स्टैंड के पास सवारी बैठाने के दौरान विवाद का शिकार हुआ। बताया गया कि मनीष गेडाम 26 वर्ष निवासी चंद्रपुर महाराष्ट्र ने चिचोला जाने के लिए मात्र 100 रुपए में ऑटो ले जाने की जिद की। जब दिनेश कुर्रे ने निर्धारित किराया बताकर मना किया तो आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने ताव में आकर अपने पास रखे चाकूनुमा धारदार हथियार से दिनेश के कमर के पास हमला कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना को अमित सिंह राजपूत सहित आसपास मौजूद लोगों ने देखा। किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। घटना के तुरंत बाद परिजन घायल को शासकीय अस्पताल डोंगरगढ़ में भर्ती कराकर इलाज करवा रहे हैं। घटना के बाद ऑटो चालकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। अब पुलिस कार्रवाई का इंतजार है।

### थलसेना भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 15, 20 एवं 21 जनवरी को

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के द्वारा 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब जिला-धमतरी (छ.ग.) में शारीरिक दक्षता एवं अन्य प्रकिया का आयोजन किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने मई-जून 2025 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। जिले के आवेदको के लिए 15 जनवरी, 20 जनवरी एवं 21 जनवरी 2026 को आयोजित की जा रही है। रैली में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों को प्रवेश पत्र वेबसाईट- www.joinindianarmy.nic.in और उनकी ईमेल में भेजा गया है। भर्ती में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार एडमिट कार्ड, आधार कार्ड जो मोबाईल से लिंक है तथा वे समस्त दस्तावेज जो रैली. अधिसूचना में उल्लेखित है के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही विशेष जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, नवा रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2965212 एवं 2965214 पर सम्पर्क कर सकते है।

### नवप्रेरणा कोचिंग से जिले के 7 युवा आरक्षक पद पर चयनित

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस कोचिंग से सत्र 2022-23 में पुलिस विभाग में जिले के 7 विद्यार्थी चयनित हुए है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी चयनित युवाओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है। चयनित विद्यार्थियों में बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम रिसदा से कुमारी तनु वर्मा एवं निशा वर्मा, सोनपुरी से शोभित कुर्रे, खैरा दतान से खेमेश्वरी मिरी, पलारी विकासखण्ड के ग्राम अछोली से पिंकी बांधे, टुण्डरा विकासखण्ड के ग्राम खपराडीह से किशन राय एवं कसडोल विकासखण्ड के ग्राम भदरा से सनत कुमार शामिल हैं।

### महिला को पहचानें जनहित में जारी

**डोंगरगढ़ 8 जनवरी।** पुलिस थाना डोंगरगढ़ द्वारा अज्ञात महिला उम्र करीबन 50 वर्ष



की पहचान हेतु जनहित में सूचना जारी की गई है कि जिस किसी भी सज्जन को इनके बारे में कुछ भी जानकारी हो तो थाना डोंगरगढ़ के सरकारी नंबर पर 9479192111 में सूचना देने का कार्य करेंगे उन्हें पुरस्कृत कर सम्मान दिया जाएगा।

# विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई ऊर्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 8 जनवरी।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत -गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई उम्मीद जगाई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के आधुनिक और उन्नत स्वरूप के रूप में पेश की गई यह योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करना है, जिससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

जिले के ग्राम कोसमंदा में इस योजना को लेकर ग्रामीणों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है, जहाँ लोग इसे अपनी आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण का आधार मान रहे हैं।योजना पर प्रकाश डालते हुए ग्राम रामपुर (कोसमंदा) निवासी प्रमिला कन्नौजे ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब उन्हें वर्ष में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसके त्वरित भुगतान तंत्र को बताया, जिसके तहत मजदूरों को उनके काम की मजदूरी अब मात्र एक सप्ताह के भीतर मिल जाएगी। इसके अतिरिक्त काम की मांग करने पर यदि शासन काम उपलब्ध नहीं करा पाता है, तो भत्ते का प्रावधान ग्रामीणों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच की तरह काम करेगा। इन सुधारों ने श्रमिकों के भीतर भविष्य को लेकर एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है।वहीं दूसरी ओर, खेती-किसानी के दृष्टिकोण से भी इस योजना को अत्यंत लाभकारी माना जा रहा है। ग्रामीण सीताराम के अनुसार, गांव में डबरी निर्माण, तालाबों के जीर्णोद्धार और नहर-नाली निर्माण जैसे कार्यों से जल स्तर में सुधार होगा, जिसका सीधा लाभ कृषि उत्पादन को मिलेगा। योजना की एक अनूठी विशेषता यह है कि इसमें धान की खेती के पीक सीजन के दौरान 60 दिनों तक सरकारी कार्यों को बंद रखने का विशेष प्रावधान किया गया है। इससे खेती के समय मजदूरों की कमी की समस्या हल हो जाएगी और खेती का काम समय पर पूरा हो सकेगा। यह संतुलित दृष्टिकोण किसान और मजदूर दोनों के हितों को सुरक्षित करता है। कोसमंदा के ग्रामीणों की यह सकारात्मक प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि 'जी राम जी' योजना धरातल पर विकसित भारत के स्वप्न को सिद्ध करने में सफल होगी।

## किसानों के लिए खुशखबरी

# एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों के पंजीयन की तिथि 15 जनवरी तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 जनवरी।** किसानों को धान बेचने में कई तरह की परेशानियों को मद्देनजर राज्य सरकार ने किसानों को अपने धान बेचने में कोई परेशानियों का ना करना पड़े जिसके लिए किसानों की राय के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में 15 जनवरी तक पंजीयन करने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। आपको बता दें कि राजस्व विभाग के अधिकारियों/ पटवारियों द्वारा किए गये भौतिक सत्यापन उपरांत ÷विवरण संशोधन÷ का प्रावधान दिनांक 07 जनवरी 2026 तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन में किया गया था, परन्तु अतिरिक्त कृषकों के खसरा / रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन आदि कार्यवाही हेतु निरंतर अनुरोध किया जा रहा था।

किसानों की समस्या पर गंभीरता से विचार विमर्श करने उपरांत राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि एकीकृत किसान पोर्टल में निम्नानुसार कार्यों जैसे कैरी फारवर्ड,वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन,त्रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन,राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर 15 जनवरी तक किए जाने का आदेश दिया गया है। वहीं जिला कलेक्टर की अनुशंसा सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी तक किया जाना समस्त समितियों में समिति लॉगिन में प्रावधान करने निर्देशित किया गया है।

# मनरेगा श्रमिकों को 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिया गया

■ प्रशिक्षण में 25 ग्रामीण श्रमिक हुए दक्ष, स्वरोजगार की दिशा में अब आगे बढ़ सकेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा के चिन्हित श्रमिकों के लिए 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जनपद पंचायत पलारी के ग्राम पंचायत गबौद म में 59 श्रमिकों के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने विगत वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत न्यूनतम 60 दिवस का कार्य पूर्ण किया था। प्रशिक्षण की अवधि 1 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक निर्धारित रही। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक एवं पात्र परिवारों का चयन जनपद पंचायत पलारी सीईओ पन्नालाल ध्रुर्वे के मार्गदर्शन में काउंसलिंग के माध्यम से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राजमिस्त्री कार्य का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 30 दिवसीय प्रशिक्षण में राजमिस्त्री कौशल के साथ-साथ प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाएं, ऋण व्यवस्था, सफल उद्यमिता, समय प्रबंधन, बिजनेस प्लान तैयार करना तथा स्वरोजगार के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि वे प्रशिक्षण उपरांत आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्हें आवश्यक राजमिस्त्री उपकरण किट भी प्रदान की गई है। उन्नति 2.0 के तहत शुरू किया गया यह कौशल विकास के तहत विकासखण्ड पलारी के युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया गया।



# मूकमाटी एक्सप्रेस' के नाम से जानी जाएगी रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस



■ आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में बदला गया ट्रेन का नाम; जैन समाज और नगरवासियों में भारी हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 जनवरी।** राष्ट्रसंत, युगदृष्टा पूज्य 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पावन स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 11702, जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस (वाया डोंगरगढ़) का नाम अब आधिकारिक रूप से मूकमाटी एक्सप्रेस कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा इस संबंध में 7 जनवरी 2026 को निर्देश जारी किए गए हैं।

**सांसद नवनीत जैन के प्रयासों को मिली सफलता :** इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के पीछे राज्यसभा सांसद नवीन जैन के निरंतर प्रयासों की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने 1 अक्टूबर 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर देशभर की जैन समाज की भावनाओं से अवगत कराया था। सांसद ने मांग की थी कि आचार्य श्री की कर्मभूमि का नाम उनके प्रसिद्ध महाकाव्य मूकमाटी या उनके नाम पर रखा जाए। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सप्रेम जैन ने बताया कि इस घोषणा से संपूर्ण जैन समाज और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। आचार्य श्री ने अपने जीवन में 1.5 लाख किलोमीटर का पदविहार कर मानवता, स्वदेशी (इंडिया नहीं भारत बोलो) और हथकरघा के माध्यम से स्वावलंबन का संदेश दिया था। उनकी सुयोग्य शिव्या आर्यिका पूर्णमति माताजी के आशीर्वाद से इस मांग को बल मिला था।

# नगर पालिका ने किया मितानिनों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 जनवरी।** नगर पालिका परिषद ने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभा रही मितानिनों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ खिरौद् भोई शामिल हुए। इस अवसर पर नगर क्षेत्र में निरंतर सेवा दे रही मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने मितानिनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, स्वच्छता और जन-जागरूकता जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने कहा कि मितानिन समाज की मजबूत कड़ी हैं, जिनकी मेहनत से शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं। सीएमओ श्री भोई ने मितानिनों को भविष्य में भी इसी समर्पण से कार्य करने प्रोत्साहित किया।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ज़िला अस्पताल का किया निरीक्षण



■ इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को क्वालिटी सर्टिफिकेट मिलने पर दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाज़ार, 8 जनवरी।** स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे ।इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया ।उन्होंने जिला अस्पताल स्थित इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को भारत सरकार के नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत क्वॉलिटी सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी। श्री जायसवाल ने जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर ,मातृ शिशु अस्पताल ,फिजियोथेरेपी सेंटर का निरीक्षण किया।साथ ही मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल -चाल जाना।उन्होंने संस्थागत प्रसव में हुई बढ़ोतरी के लिए जिले में हो रहे काम की सराहना की और 50 बिस्तर मातृशिशु अस्पताल में बेड्स की संख्या बढ़ाने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने मुरुम तालाब के पास एक इंटीग्रेटेड यूनिट के निर्माण की बात भी कही जिसमे योग,नेचुरोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज की व्यवस्था ,सियान क्लिनिक इत्यादि की सुविधा होगी। स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में यहाँ प्रतिमाह 450 से अधिक प्रसव हो रहे हैं ।जिनमें से 200 सिजेरियन प्रसव हैं। इसके अलावा यहाँ प्रतिमाह 300 डायलेसिस हो रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार।

## जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा

# जीरो टॉलरेंस नीति का असर धरातल पर परिलक्षित हो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाक्क्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने प्रतिबद्ध है इसके लिये जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। सभी अधिकारी इस नीति को धरातल पर उतारने अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन या लोगों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सीएमएचओ स्कूल व अस्पतालों का नियमित दौरा कर निरीक्षण करें और कमियों को दुरुस्त करें। शासन स्तर पर कोई मांग हो तो तत्काल प्रस्ताव भेजें, मंजूरी देने में कोई विलम्ब नहीं होगा। उन्होंने ग्राम पंचायतों में विकास कार्य निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसीतरह नगरीय निकायों में सडक, पानी, बिजली, नाली, साफ्सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने नई योजना वी बी- ज़ी राम ज़ी के बारे में जानकारी दी की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिये यह योजना मिल का पत्थर साबित होगा। इस योजना के तहत अब ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को 125 दिन रोजगार मिलेगा और भुगतान सप्ताह भर में हो जाएगा। योजना के तहत अधोसंरचना सम्बन्धी कार्य भी ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकेंगे, तकनीक का भी उपयोग होग़ा ताकी कम समय पर पारदर्शी कार्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव में तेजी लाने तथा खरीदी लिमिट बढ़ाने तथा छूटे हुए किसानों का रकबा संशोधन करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि सभी वास्तविक किसानों का एक- एक दाना धान खरीदी की जाएगी।उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुय्र प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किश्त जारी होने के बाद भी निर्माण प्रारम्भ नहीं होने पर नारजगी जहिर करते हुए जनपद सीईओ को आगामी एक माह में निर्माण प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत टीबी मरीजों एवं सिकल सेल मरीजों का शत प्रतिशत स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिये। शासकीय अस्पताल से अनावश्यक रूप से मरीजों को निजी अस्पतालों में रिफर न करने के भी निर्देश दिये।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राजस्व के कार्यों में पारदर्शिता लाने सरकार तकनिक के उपयोग को बढ़ावा डे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व सम्बन्धी छोटे छोटे कामों के लिये लोगों को परेशानी न हो। आरआई और पटवारी फिल्ड में संवेदनशीलता के साथ काम करें, किसी प्रकार की शिकायत आने पर कड़ी कार्यवाही की जर्यगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, कुसुम लता पैकरा, सविता अनंत, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कड़ा मैसेज देना जरूरी था, पुलिस ने दिया

पुलिस का काम लोगों को सुरक्षा देना है,राज्य में कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखना है। इसके लिए जरूरी होता है कि पुलिस से लोग डरे, लोगों में पुलिस का खौफ हो। पुलिस का अपना दबदबा हो। पुलिस का अपना रुतबा हो। उसके साथ कोई बुरा व्यवहार न करें, कोई उसके साथ मारपीट न करे।खासकर उस वक्त जब कहीं कानून व्यवस्था की स्थिति बिगडऩे पर कानून व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास कर रही हो। कहीं भी भीड़ होती है तो वहां शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका हमेशा होती है क्योंकि आंदोलनकरने वालों की भीड़ में उपद्रवी तत्व भी होते हैं,असामाजिक तत्व भी होते हैं और वही भीड़ को तोडफ़ोड़ व मारपीट करने के लिए, हिंसा करने के लिए उकसाते हैं। कई लोगों के लिए यह मौका होता है पुलिस जवानों से मारपीट करने का और ऐसा करते भी हैं, करते वक्त यह भी नहीं देखते हैं कि पुलिस वाला पुरुष है या महिला है।रायगढ़ जिले के तमनार में जेपीएन कोयला खदान के विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने महिला पुलिस टीआई के साथ बहुत ही बुरा व्यवहार किया। कपड़े फाडऩे की कोशिश की गई। वह भीड़ के सामने हाथ जोड़कर छोड़ देने को कहती रही लेकिन भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने तब भी उसके साथ मारपीट की। भीड़ में जब किसी पुलिस कर्मचारी के साथ ऐसा अपमानजनक व्यवहार किया जाता है तो उसे बुरा नहीं बहुत बुरा लगना स्वाभाविक है, उसे लगता है कि उसे बाकी लोगों ने अकेला छोड़ दिया। उस महिला टीआई का ऐसे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों से यह शिकायत करना स्वाभाविक है कि ऐसी बुरा व्यवहार किसी भी महिला पुलिस कर्मी के साथ भीड़ में शामिल लोग करेंगे तो महिला कर्मी का मनोबल टूटता है, वह दोबारा भीड़ के बीच जाने से डरेगी। भीड़ में सिर तो बहुत होते हैं लेकिन दिमाग के किसी के पास नहीं होता है ऐसे में महिला टीआई के साथ बुरा व्यवहार करने वालों लोगों को पकड़कर यह संदेश देना जरूरी था कि कभी भी ऐसा किया जाएगा तो दोषी लोगों को भी उसी तरह का व्यवहार किया जाएगा, वैसा ही अपमान किया जाएगा जैसा भीड़ में शामिल लोगों ने महिला टीआई के साथ किया था। इससे पुलिस में शामिल महिला पुलिस कर्मियों का भी हौसला बढ़ेगा कि उनके अपमान का कड़ा जवाब दिया गया। उनके साथ बुरा व्यवहार किया जाएगा तो पुलिस बाद में ऐसे लोगों को नहीं छोड़ेगी।पुलिस ने मुख्य आरोपी चित्रसेन साव का गिरफ्तार किया और उसे ऐसा सबक सिखाया कि अब भीड़ में शामिल कोई भी महिला या पुरुष कम से कम पुलिस के साथ मारपीट करने या बुरा व्यवहार करने से पहले सौ बार सोचेगा कि बाद में पुलिस उसके साथ कैसा व्यवहार करेगी। मुख्य आरोपी साव का जुलूस निकाला गया। उसे चप्पलों का माला पहनाई गई, मुंह मे लिपिस्टिक पोती गई,हाथों में हथकड़ी लगी थी, उसे महिला पुलिस ही पकड़े हुए थे और उससे नारा लगवाया गया कि महिला पुलिस जिंदाबाद, बहन हमको माफ करो। पुलिस हमारी बाप है, वर्दी फाडऩा पाप है। उससे सड़क पर उठक बैठक करवाई गई,माफी मंगवाई गई। इससे समाज में यह संदेश जाएगा कि पुलिस के साथ बुरा व्यवहार करना अपराध है और उसकी कड़ी सजा मिलेगी और जरूर मिलेगी। उस माफ नहीं किया जा सकता उसे सजा भी दी जाएगी और अदालत से अलग सजा दिलाई जाएगी। कई बार ऐसी खबरें सुनने में पढऩे में आती है कि अकेले पुलिस कर्मी के साथ बदमाशों ने मारपीट की। उसकी वर्दी फाड़ दी।कई बार आंदोलन की भीड़ में शामिल लोग भीड़ में यह सोचकर पुलिस वालों से भिड़ जाते है, उनको कौन पहचानता है। ऐसे लोगों पर पहचान कर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो लोगों को हौसला बढ़ता है कि पुलिस कर्मी के साथ कुछ भी किया जा सकता है। पुलिस का रुतबा बनाए रखने के लिए. उसका दबदबा बनाए रखने के लिए, उसका डर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पुलिस के साथ जो भी बुरा व्यवहार जहां भी करता है, उसकी पहचान की जाए और सबक दिया जाए कि वह किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य क्यों न हो उसका माफ नहीं किया जाएगा, उसे पकड़ कर सजा जरूर दी जाएगी। भीड़ से कैसे निपटना है, इसका प्रशिक्षण पुलिस वालों को दिया जाता है। इसके बाद किसी एक पुलिस वाले की गलती से भीड़ भड़क सकती है, पुलिस के साथ बुरा व्यवहार कर सकती है, ऐसी स्थिति न आए यह निश्चित करना बड़े अधिकारियों की जिम्मेदारी होनी चाहिए।

समस्या

# अवैध कब्जे और बेघर होता भारत: एक अंतहीन राष्ट्रीय संकट

ललित गर्ग



सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भारत में न तो नई है और न ही किसी एक क्षेत्र तक सीमित। यह एक ऐसी जटिल और बहुआयामी चुनौती है, जो शहरीकरण, पलायन, राजनीतिक स्वार्थ, प्रशासनिक लापरवाही और सामाजिक मजबूरियों के सम्मिलित परिणाम के रूप में सामने आती है। देश के लगभग हर राज्य, हर बड़े शहर और अनेक कस्बों में सरकारी जमीन पर मकान, दुकानें, झुग्गियां, गोदाम, यहां तक कि बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और संस्थान खड़े मिल जाते हैं। वर्षों तक यह सब कुछ खुलेआम होता रहता है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र या तो आंखें मूंदे रहता है या जानबूझकर चुप्पी साधे रहता है। जब अचानक विकास परियोजनाओं, सड़क चौड़ीकरण, रेलवे, मेट्रो, औद्योगिक गलियारों या स्मार्ट सिटी योजनाओं की जरूरत सामने आती है, तब सरकार की नींद खुलती है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होती है। इस प्रक्रिया में सबसे बड़ा संकट उन लोगों पर टूटता है, जो वर्षों से वहां रह रहे होते हैं और जिनका जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य उसी जमीन से जुड़ चुका होता है। हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क जैसे संगठनों के आंकड़े इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। वर्ष 2017 से 2023 के बीच साढ़े तीन लाख से अधिक मकानों पर बुलडोजर चलाए गए और करीब सोलह लाख लोग बेघर हुए। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आने वाले समय में लगभग 1.7 करोड़ लोग ऐसे दायरे में हैं, जिनके घर विकास परियोजनाओं या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के कारण टूट सकते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी लगाकर घर बनाए, बच्चों को स्कूल में डाला, आसपास रोजगार तलाशा और एक स्थायी जीवन की कल्पना की। जब ये घर टूटते हैं तो केवल दीवारें नहीं गिरतीं, बल्कि पूरे परिवार की सामाजिक और आर्थिक संरचना ढह जाती है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को प्रायः एक आवश्यक प्रशासनिक कदम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन इसके मानवीय पक्ष को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। बेघर होना केवल सिर से छत छिनने की समस्या नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की संभावनाओं पर सीधा प्रहार है। बच्चों की पढ़ाई बीच में छूट जाती है, महिलाएं असुरक्षा और अस्थिरता के भय में जीने लगती हैं, बुजुर्ग इलाज और सहारे से वंचित हो जाते हैं और पुरुष वर्ग बेरोजगारी तथा मानसिक तनाव से जूझने लगता है। पुनर्वास योजनाएं कागजों पर तो आकर्षक लगती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में वे या तो अधूरी होती हैं या इतनी दूरस्थ जगहों पर लागू की जाती हैं कि वहां रोजगार और बुनियादी



सुविधाओं का अभाव रहता है। इस पूरी समस्या का एक कड़वा सच यह भी है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एक दिन या एक रात में नहीं हो जाता। यह एक लंबी प्रक्रिया होती है, जिसमें प्रशासनिक उदासीनता, स्थानीय स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण की बड़ी भूमिका होती है। जब गांवों से पलायन कर गरीब परिवार शहरों की ओर आते हैं, तो उन्हें सबसे पहले सस्ती या खाली जमीन की तलाश होती है। सरकारी जमीन इस दृष्टि से सबसे आसान निशाना बनती है। पहले अस्थायी झोपड़ियां खड़ी होती हैं, फिर धीरे-धीरे पक्के मकान, दुकानें और अन्य निर्माण होने लगते हैं। सरकारी एजेंसियां एवं जिम्मेदार तो तब ही हरकत में आते हैं जब या तो कोई हादसा होता है या फिर विकास कार्यों के दौर में इन्हें हटाने की जरूरत पड़ती है। महज सात साल में 16 लाख लोगों के बेघर होने का आंकड़ा छोटा नहीं है। इनमें भी 58 प्रतिशत से ज्यादा के बेघर होने की वजह अतिक्रमण ही है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों की मिलीभगत से अनदेखी होती है, यह भी किसी से छिपा नहीं है। बिजली, पानी, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी सुविधाएं भी किसी न किसी रास्ते से मिल जाती हैं, जिससे यह अतिक्रमण धीरे-धीरे 'वैधता' का भ्रम पैदा करने लगता है।

इस पूरी प्रक्रिया में भू-माफिया की भूमिका भी बेहद खतरनाक है। वे सरकारी जमीनों की पहचान कर गरीबों को वहां बसाते हैं, उनसे पैसे वसूलते हैं और बाद में राजनीतिक संरक्षण के जरिए उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखते हैं। चुनाव आते ही ये बस्तियां वोट बैंक में बदल जाती हैं। इस राजनीतिक खेल में न तो कानून की प्रतिष्ठा बचती है और न ही आम नागरिकों का भविष्य सुरक्षित रहता है। अतिक्रमण हटाने के बाद होने वाले नुकसान को यदि समग्र रूप से देखा जाए तो यह केवल प्रभावित परिवारों का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे देश का नुकसान है। एक ओर लोग अपने सीमित संसाधनों से घर बनाते हैं, दूसरी ओर सरकार अतिक्रमण हटाने पर भारी खर्च करती है। यदि शुरुआत में ही सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, समय पर निगरानी हो और अवैध कब्जे को बढ़ने से रोका जाए, तो यह दोहरा नुकसान टाला जा सकता है। दुर्भाग्य से हमारे यहां किसी परियोजना की घोषणा और उसके क्रियान्वयन के बीच लंबा अंतराल रहता है, जिसका फायदा अतिक्रमणकारी उठाते हैं। वर्षों तक जमीन खाली पड़ी रहती है और देखते ही देखते वहां एक पूरी बस्ती खड़ी हो जाती है।

विकास के लिए कई बार राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विध्वंस की कार्रवाई जरूरी हो जाती है। लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए केवल बुलडोजर चलाना पर्याप्त नहीं है। जरूरत एक ऐसी दूरदर्शी नीति की है, जिसमें अतिक्रमण रोकने की व्यवस्था शुरुआत से ही सख्त और प्रभावी हो। सरकारी जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड, नियमित सर्वेक्षण, स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही और दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई इस दिशा में जरूरी कदम हो सकते हैं। साथ ही शहरी गरीबों के लिए सस्ती आवास योजनाओं को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप और रोजगार के करीब लागू करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे मजबूरी में अवैध कब्जे की ओर न जाएं। राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर ईमानदार आत्ममंथन करना होगा। वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अतिक्रमण को संरक्षण देना अंततः समाज और शासन दोनों के लिए घातक सिद्ध होता है। यदि कानून का पालन सभी के लिए समान रूप से हो और अवैध कब्जे को किसी भी स्तर पर समर्थन न मिले, तो ऐसी स्थितियां स्वतः कम होंगी। सरकारी भूमि जनता की साझा संपत्ति है और इसका उपयोग योजनाबद्ध विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए होना चाहिए, न कि अव्यवस्था और अवैध कब्जों के लिए। अंततः सवाल यही है कि क्या हम समस्या के मूल कारणों पर गंभीरता से विचार करेंगे या हर बार बुलडोजर के बाद कुछ दिनों की संवेदना दिखाकर आगे बढ़ जाएंगे। यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो आने वाले वर्षों में बेघर होने वालों की संख्या और बढ़ेगी, सामाजिक असंतोष गहराएगा और विकास का दावा खोखला साबित होगा। जरूरत इस बात की है कि सरकार, प्रशासन, राजनीतिक दल और समाज मिलकर इस जटिल समस्या का मानवीय, न्यायपूर्ण और दूरगामी समाधान तलाशें, ताकि विकास भी हो और किसी का जीवन उजड़ने से भी बच सके। समुचित देश एवं विभिन्न प्रांतो में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके लोगों ने न केवल अपने मकान बने कुछ भी खड़े कर लिए हैं कुछ व्यापारिक संस्थान और कुछ संस्थाएं भी संचालित हो रही है जब सरकार की नींद खुलती है तो इन सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करके बनाए गए मकान में रहने वाले लोगों को बेघर किया जाता है या उन्हें अन्यत्र बसाने की योजनाएं लागू की जाती है जिससे इन परिवारों और उनके सदस्यों की न केवल बेघर होने की समस्या खड़ी होती है बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं भी खड़ी होती है इन गतिविधियों को संचालित करने में विभिन्न राजनीतिक दलों को अपना वोट वोट बैंक दिखाई देता है और यह राजनीतिक दल ही ऐसी सरकारी भूमि पर लोगों को बचाने के षड्यंत्र करते हैं फिर उन्हें विस्थापित होने पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं और अन्यत्र बसाने की मांग की जाती है यह भारत की एक जटिल समस्या है। क्यों नहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा होने की स्थितियों को सरकार पहले से ही गंभीरता से लेती?

## सू- दोकू क्र.280

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.279 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य -280


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक279का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | टट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## राशिफल

**मेष राशि**

आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है। परिवार में बहस या माहौल में तनाव मन को परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अनावश्यक विवादों से दूर रहें। यात्रा संभव हो तो टाल दें।

**वृषभ राशि**

आज कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। विरोधी शांत रहेंगे और सामाजिक रूप से सम्मान बढ़ेगा। हालांकि दोपहर के बाद किसी विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए संयम रखें।

**मिथुन राशि**

दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। नई योजनाएं सफल होंगी, सरकारी कार्यों में लाभ मिलेगा। परिवार और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा संभव है और व्यापारियों के लिए समय शुभ रहेगा।

**कर्क राशि**

मानसिक अस्थिरता महसूस हो सकती है। परिवार में मतभेद की स्थिति बन सकती है। खर्च अधिक रहेगा और विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में कम लग सकता है। धैर्य बनाए रखें।

**सिंह राशि**

आत्मविश्वास रहेगा, लेकिन जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। बड़े फैसले सोच-समझकर लें। सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है, पर क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या राशि**

आज थकान और मानसिक तनाव रह सकता है। मित्रों या जीवनसाथी से मतभेद संभव हैं। धन खर्च बढ़ सकता है और कार्यस्थल पर सहयोग कम मिलेगा। धैर्य और संतुलन से काम लें।

**तुला राशि**

आज लाभ की संभावनाएं मजबूत हैं। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ समय बिताने का अवसर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, हालांकि कार्यक्षेत्र में मेहनत अधिक करनी पड़ेगी।

**वृश्चिक राशि**

भाग्य का साथ मिलेगा। कार्य आसानी से पूरे होंगे। पदोन्नति या सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में लाभ होगा और संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है।

**धनु राशि**

आज थकान और बेचैनी रह सकती है। यात्रा टालना लाभकारी रहेगा। संतान की चिंता हो सकती है। अधिकारियों से बातचीत में सावधानी रखें और विवाद से दूर रहें।

**मकर राशि**

आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। धन खर्च अधिक रहेगा। व्यापारिक साझेदारी में मतभेद संभव हैं। ऑफिस का माहौल अनुकूल नहीं रहेगा, इसलिए सावधानी से आगे बढ़ें।

**कुंभ राशि**

आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक हो सकती है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा और भागीदारी से लाभ संभव है। दिन रोमांच और उत्साह से भरा रह सकता है।

**मीन राशि**

शुरुआत में चिंता और स्वास्थ्य समस्या परेशान कर सकती है। आकस्मिक खर्च भी संभव है। हालांकि दोपहर के बाद स्थिति बेहतर होगी। घर में खुशहाली बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

विश्लेषण

# बंगलादेशी खिलाड़ी के बहाने अभिनेता शाहरुख़ ख़ान के विरोध का स्तर व औचित्य ?

निर्मल रानी



भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिये जिस सबसे 'ज्वलंत' मुद्दे को बहस के लिये ज़रूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के ख़रीदने पर शाहरुख़ का विरोध और इस पर चर्चा करना। ग़ौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख़ हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था साथ ही वे बंगलादेश छोड़कर भारत आ गयी थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध ग़ुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी एल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतररष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर ख़रीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज़ गेंदबाज था मुस्तफ़िज़ुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने IPL 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रुपये की बोली लगाकर ख़रीदा था। यह IPL इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स अथवा KKR के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही KKR टीम के सह-मालिक हैं।

परन्तु बी सी सी आई की मर्ज़ी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किये जाने के बावजूद तथा शाहरुख़ के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी KKR का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर क़िस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख़ ख़ान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताज़ा ख़बरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है। परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख़ ख़ान के विरोध में इस्तेमाल किये गये शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख़ व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व क़ुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है। शाहरुख़ को किसी ने "ग़द्दार" कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में KKR बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख़ ख़ान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिये हुये हैं। किसी 'स्वयंभू राष्ट्रवादी 'को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा ज़िया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी 'धर्मात्मा' को बुरा लगा न किसी 'राष्ट्रवादी नेता ' को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नज़र आया तो वह शाहरुख़ ख़ान ? वह शाहरुख़ ख़ान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फ़िल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फ़िल्म फ़ेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख़ को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, ज़ी सिने अवॉर्ड्स, IIFA अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में ांस सरकार द्वारा ऑर्ड्रे दे आर्ट्स एट दे लेट्रस अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊँचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ़ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख़ ख़ान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफ़ोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फ़िल्म फ़ेस्टिवल (स्विट्ज़रलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है। शाहरुख़ ख़ान ने 2013 में मीर फ़ाउन्डेशन के नाम से एक ग़ैर -लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिये ख़ामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं। उनकी ये सेवाएँ महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हज़ारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा COVID-19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख़ ख़ान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के ख़िलाफ़ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं। वे मेक-ए-विश फ़ाउंडेशन संस्था के माध्यम से बच्चों की इच्छाएं भी पूरी करते हैं। जहाँ तक शाहरुख़ ख़ान को ग़द्दार या देशद्रोही कहने का प्रश्न है तो ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले ज़हरीले लोगों को अपने पारिवारिक संस्कारों की तुलना भी शाहरुख़ ख़ान के पारिवारिक संस्कारों से ज़रूर करनी चाहिये। ग़ौरतलब है कि आज़ाद हिन्द फ़ौज के मेजर जनरल शाहनवाज़ ख़ान शाहरुख़ ख़ान की मां लतीफ़ फ़ातिमा को अपनी बेटी के समान समझते थे। यहाँ तक कि शाहरुख़ के पिता मीर ताज मोहम्मद ख़ान से लतीफ़ फ़ातिमा की शादी भी शाह नवाज़ ख़ान के बंगले में ही हुई थी। यह साबित करता है कि कर्नल शाहनवाज़ ख़ान का शाहरुख़ के परिवार से गहरा आत्मीय रिश्ता था। इसीलिये यह भी कहा जाता है कि शाहरुख़ ख़ान की माँ लतीफ़ फ़ातिमा को आज़ाद हिन्द फ़ौज के मेजर जनरल शाह नवाज़ ख़ान ने गोद लिया था या वे उनके लिए पिता%तुल्य थे। ऐसे संस्कारों में परवरिश पाने वाले शाहरुख़ खान को ग़द्दार व देशद्रोही जैसी 'उपाधियाँ ' देने वालों को अपने पारिवारिक संस्कारों व देश के प्रति शाहरुख़ की क़ुर्बानियों व सेवाओं की तुलना ज़रूर करनी चाहिए।

## एक नजर

### एसआईआर संबंधी दावा-आपत्तियों की सूची राजनैतिक दलों को प्रदान की गई

**कांकेर 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 को किया जाकर दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जा रही है। इस संबंध मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की द्वितीय साप्ताहिक बैठक मंगलवार 06 जनवरी को आयोजित की गई, जिसमें दावा-आपत्ति की सूची प्रदान की गई। इस संबंध में बताया गया कि 06 जनवरी 2026 तक तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए फॉर्म 9 से संबंधित 828, फार्म 10 हेतु 21, फॉर्म 11 के लिए 354, फार्म 11ए के लिए 26 तथा फार्म 11बी के लिए कुल 4 दावा-आपत्तियां प्राप्त हुईं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावा आपत्तियों की जानकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को देकर उन्हें सूची प्रदान की गई।

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं घायल होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए 25 हजार रूपए और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए 10-10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। डौण्डी तहसील जिला बालोद के ग्राम तुमड़ीसुर निवासी रामदेव दरपट्टी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पिता श्री परसुराम दरपट्टी के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार डौण्डी तहसील जिला बालोद के मरकाटोला निवासी सदाराम कोटपरिया, आमाबेड़ा तहसील के ग्राम उसेली निवासी बिसनाथ सलाम, सूरजलाल सलाम और श्रवण सलाम, आमाबेड़ा तहसील के ग्राम पुसागांव के नरेन्द्र कुमार ध्रुव तथा ग्राम उसेली के सगउराम तारम को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 10-10 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### जिले में अब तक 30.76 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई

**कांकेर 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत राज्य शासन द्वारा 15 नवम्बर से 2025 से धान की खरीदी की जा रही है। इसी क्रम में जिले के किसानों से 149 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 30 लाख 76 हजार 574 क्विंटल धान की खरीदी पूर्ण हो चुकी है। इसमें 30 लाख 54 हजार 404 क्विंटल मोटा वेरायटी, 20 हजार 860 पतला और 1310 क्विंटल सरना वेरायटी का धान शामिल है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान के उठाव में तेजी आई है।

### रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए कलेक्टर ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**जगदलपुर, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित की जाने वाली छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए जिला प्रशासन बस्तर ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आगामी रविवार 11 जनवरी को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री हरिस एस. ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया है और वहां अधिकारियों की तैनाती की गई है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उप अभियंता श्री आशीष दुबे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 की जिम्मेदारी आबकारी उप निरीक्षक श्री मुकेश कुमार कोरी को सौंपी गई है।

### सरकार के सुशासन में जिले के धान खरीदी केंद्रों पर 84618.80 क्विंटल धान खरीदी

**दंतेवाड़ा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के सुशासन से समृद्धि तक के सफर का असर अब सुदूर अंचलों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दंतेवाड़ा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025द्26 के तहत की जा रही धान खरीदी व्यवस्था है, जो पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। सभी खरीदी केंद्रों में शासन के निर्देशानुसार 21 क्विंटल प्रति एकड़ अधिकतम खरीदी को प्राथमिकता में रखते हुए किसानों से खेत के निकली धान की उपज को खरीदा जा रहा है।

# पुनर्वासितों ने देखा बस्तर का सांस्कृतिक-ऐतिहासिक वैभव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जनवरी।** हिंसा का अंधेरा छोड़कर शांति और विकास की 'नुवा बाट' (नई राह) चुनने वाले पुर्नवासितों के लिए मंगलवार का दिन नई उमंग और सकारात्मक अनुभवों से भरा रहा। जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल के तहत जगदलपुर स्थित पुनर्वास केंद्र में निवासरत पुर्नवासितों को बस्तर के प्रमुख दर्शनीय, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस विशेष भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यटन नहीं, बल्कि मुख्यधारा में लौटे इन सदस्यों को भयमुक्त वातावरण का अनुभव कराना, क्षेत्र के विकास कार्यों से जोड़ना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से पुनः परिचित कराना रहा।

भ्रमण की शुरुआत बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन से हुई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी ने अपने उज्ज्वल और शांतिपूर्ण भविष्य की कामना की। इसके पश्चात दलपत सागर और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के केंद्र 'दशहरा पसरा' का अवलोकन कराया गया, जहाँ उन्हें बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में सदस्यों ने कलेक्टोरेट का दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था और शासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा। दिन का सबसे रोमांचक पड़ाव विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात रहा। प्रकृति के अद्भुत सौंदर्य, गिरते झरनों की गर्जना और खुले वातावरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

'नुवा बाट' के तहत आयोजित यह भ्रमण कार्यक्रम एक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पुनर्वास का भी महत्वपूर्ण प्रयास रहा। इससे पुर्नवासितों के मन में यह विश्वास और मजबूत हुआ कि हिंसा छोड़कर समाज के साथ कदमताल करने में ही जीवन की वास्तविक खुशी और उन्नति निहित है। खुली हवा में सांस लेते हुए और बस्तर की बदलती, विकासोन्मुख तस्वीर को अपनी आंखों से देखकर पुर्नवासितों ने महसूस किया कि शांति का मार्ग ही सम्मानजनक और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाता है। प्रशासन का यह प्रयास पुर्नवासितों को समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिलाने और उन्हें अपनी माटी, संस्कृति और परंपराओं से पुनः जोड़ने की दिशा में एक सार्थक और प्रेरणादायी कदम साबित हो रहा है।




कलेक्टर ने किया जिले के शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण

# शिक्षा गुणवत्ता व आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

**दंतेवाड़ा, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को जिले के विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छू लो आसमान, एजुकेशन सिटी, स्विमिंग पुल, क्रिकेट ग्राउंड तथा बड़े कारली स्थित पूरक पोषण आहार यूनिट (रेडी-टू -ईट) का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण की शुरुआत छू लो आसमान संस्थान से की, जहां उन्होंने अध्ययनरत छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम के निर्माण के निर्देश दिए तथा जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विभिन्न लेखकों की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कॉमन हेल्थ, मानसिक स्वास्थ्य एवं बच्चों की नियमित काउंसलिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों के माध्यम से मार्गदर्शन एवं प्रेरक काउंसलिंग सत्र आयोजित करने तथा सप्ताह में एक दिन छात्राओं को जिले के विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण करवाने के निर्देश भी दिए, ताकि उनमें आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा विकसित हो सके।

कलेक्टर ने एजुकेशन सिटी स्थित आस्था इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा का निरीक्षण किया। उन्होंने शाला परिसर का भ्रमण करते हुए विभिन्न कक्षाओं एवं साइंस लैब का अवलोकन किया। संस्था में दर्ज विद्यार्थियों को मानक (नॉर्म्स) के अनुरूप कक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यक



आधारभूत संरचना निर्माण को लेकर चर्चा कर सहमति व्यक्त की गई। कलेक्टर ने आस्था जावंगा में कक्षाओं एवं आवासीय व्यवस्था के विस्तार तथा शिक्षकों की भर्ती के भी निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में कलेक्टर ने खेल मानकों के अनुरूप निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम एवं स्विमिंग पूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में शेड, पवेलियन, गैलरी, बाउंड्रीवाल निर्माण तथा स्टेडियम में लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने बड़े कारली स्थित रेडी टू ईट यूनिट का भी अवलोकन किया। यह रेडी टू ईट यूनिट उमंग क्षेत्रीय स्तरीय संघ मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यूनिट की तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समूह की महिलाओं से विस्तृत चर्चा की।

## स्टील प्लांट मार्ग को सिक्स लेन बनाया जाए : संतोष बाफना

■ **बाफना ने केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र**



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 8 जनवरी।** विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता संतोष बाफना ने केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 63 के मध्य जगदलपुर से धनपुंजी तक सड़क मार्ग को सिक्स लेन में परिवर्तित करने मांग की है।

गौरतलब है कि, नगरनार एनएमडीसी इस्पात संयंत्र का निर्माण पूरा होने के हाल के कुछ वर्ष में संयंत्र में उत्पादन शुरू होने के बाद जगदलपुर धनपुंजी मार्ग पर यातायात में अत्यधिक वृद्धि देखी जा रही है।

**यातायात बढ़ने के मुख्य कारण:** अभी वर्तमान में सड़क की जो चौड़ाई है वह टू लेन पेव्ड शोल्डर से भी कम है जो कि, संयंत्र की बढ़ती उत्पादन क्षमता के बावजूद उन्नत लॉजिस्टिक्स के अनुरूप बिल्कुल भी नहीं है। संयंत्र में लौह अयस्क की आपूर्ति और उत्पादित होने वाले माल की ढुलाई में भारी भरकम ट्रेलर, ट्रक, टिप्पर व अन्य वाहन यातायात में वृद्धि की मुख्य वजह है। इसके अलावा, माल ढुलाई के लिए बड़े वाहन संयंत्र के बाहर कई किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर खड़े कर दिये जाते हैं क्योंकि एनएमडीसी प्रबंधन के द्वारा इन वाहनों की पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं गई है जिसकी वजह से ड्राईवर सड़क किनारे वाहन खड़ी करने को मजबूर होते हैं और सड़क के दोनों ओर फुटपाथ की जगह पर भी इन भारी भरकम वाहनों का कब्जा हो जाता है।

**जगदलपुर धनपुंजी मार्ग पर दुर्घटनाओं में वृद्धि:** जगदलपुर धनपुंजी सड़क मार्ग के दोनों ओर बड़े वाहनों की बेतरतीब पार्किंग की वजह से मार्ग पर अंडरराइड (मध्यम व छोटी गाड़ियों का खड़ी ट्रक के नीचे घुस जाना) जैसी जानलेवा सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। तथा इन अनचाही दुर्घटनाओं में अब तक कई लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं।

**सिक्स लेन सड़क होने से मुख्य फायदे :** पूर्व विधायक बाफना ने सिक्स लेन सड़क का फायदा बताते हुए कहा है कि, जगदलपुर धनपुंजी मार्ग का सिक्स लेन के रूप में उन्नयन होने से एनएमडीसी इस्पात संयंत्र की लॉजिस्टिक्स दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, और उत्पादित सामग्रियों का सुगम और त्वरित परिवहन सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही चौड़ी और बेहतर सड़क होने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। जो कि, सीधे तौर पर इस्पात संयंत्र और भविष्य में नगरनार क्षेत्र में स्थापित होने इस्पात से संबंधित व्यवसायों के लिए भी फायदेमंद होगा।

## शासकीय दृष्टि श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट में लुईस ब्रेल दिवस पर न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन

**कांकेर 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय दृष्टि श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कोदाभाट मे ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल जी की स्मृति मे ब्रेल दिवस न्यौता भोज एवं परिक्षा पर चर्चा, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा विभाग के श्री पंकज श्रीवास्तव, श्री दिनेश नाग, श्री पोखन सिन्हा एवं समाज कल्याण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ब्रेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि समावेशन एवं सुगम्यता हर स्तर पर आवश्यक है और किसी भी प्रकार की दिव्यांगता जीवन में बाधक नहीं है। दिव्यांग बच्चो के द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये न्यौता भोज के तहत् शिक्षक, एवं अतिथियों पालकों को भोजन कराया गया बच्चों को नववर्ष के उपलक्ष्य में बिस्किट, चाकलेट आदि वितरित किया गया। परीक्षा पर चर्चा विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए सभी बच्चों को पंजीयन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार, समाज कल्याण एवं समग्र शिक्षा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेला-मड़ई में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण,अमानक खाद्य सामग्री नष्ट की

■ **खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन करने के लिए दुकान संचालकों को दिए गए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार कांकेर मेला मड़ई के दौरान खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में मेला परिसर एवं आसपास संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन हेतु संबंधित संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मेला परिसर के आसपास स्थित रेस्टोरेंट एवं बिरयानी सेंटर से खाद्य नमूनों का संकलन किया गया। साथ ही मेला परिसर में संचालित फस्ट फूड सेंटरों का निरीक्षण कर खाद्य नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर अमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। पाव ब्रेड एवं कटी हुई सब्जियां (गाजर) साफ एवं सुरक्षित न पाए जाने के कारण तत्काल नष्ट करवाई गई। मानकों का पालन नहीं करने वाले रेस्टोरेंट संचालकों को नोटिस जारी किए गए। इसके साथ ही मेला परिसर में समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करें। अनियमितता पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला अभिहित अधिकारी श्री सुष्मित देवांगन ने बताया कि मेला अवधि के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम को निर्देशित किया गया है कि समय-समय पर निरीक्षण कर अनियमितताओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं शैक्षणिक समस्या के समाधान के लिए स्टुडेंट हेल्पलाइन जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं शिक्षा विभाग कांकेर के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षाएं, प्रतियोगी परीक्षाएं, काउंसलिंग एवं शैक्षणिक समस्याओं के समाधान हेतु जिले में स्टुडेंट हेल्पलाइन नंबर क्रमशः 7389562231 6264092516 जारी किया गया है।

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने बताया कि विद्यार्थियों शिक्षकों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को त्वरित मार्गदर्शन सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से जिले के प्राचार्य, व्याख्याताओं शिक्षक एवं खास तौर से छात्र-छात्राएं विभिन्न शैक्षणिक विषयों से संबंधित मार्गदर्शन एवं सहायता प्राप्त कर सकेंगे। बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित समस्याएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, परीक्षा पूर्व पश्चात काउंसलिंग, विषयगत कठिनाइयां, शैक्षणिक एवं अकादमिक समस्याएं अन्य आवश्यक शैक्षणिक जानकारी उक्त टोल फ्री नंबर पर कॉल कर समस्याओं का 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को टोल फ्री नंबर की जानकारी अपने-अपने संस्था में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पालकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने जानकारी दी है कि टोल फ्री नम्बर से विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं व बोर्ड परीक्षा में अध्ययनरत विषयगत समस्याओं का निदान के लिए विषय विशेषज्ञों की ड्यूटी विषयवार लगाई जा रही है, जो एक निश्चित समय पर उपस्थित रहकर दूरभाष से बच्चों की विषयगत कठिनाईयों को दूर करेंगे। उन्होंने विद्यालय परिसर में नोटिस बोर्ड पर इसे प्रदर्शित करने हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया है।

## बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 जनवरी।** जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 के तहत कोयलीबेड़ा तहसील के ग्राम संबलपुर की मतदाता सूची के भाग संख्या 145 में ग्राम पंचायत केसेकोड़ी की सरपंच श्रीमती फूलबती के पिता का नाम 2003 की सूची में होने के बावजूद अंकित नहीं होने की शिकायत सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष की गई थी। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पखांजूर श्री टी.आर. वर्मा ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच उपरांत यह पाया गया कि संबंधित बीएलओ श्री कमलेश कुमार रावटे शिक्षक द्वारा श्रीमती फूलबती उसेण्डी के पिता श्री घासीराम पद्दा का नाम 2003 की एसआईआर सूची में अंकित होने के बाद भी बीएलओ मोबाइल एप में न कर उन्हें अनमैप्ड कैटेगरी में डाल दिया गया। इस मामले में बीएलओ श्री रावटे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत केसेकोड़ी की सरपंच श्रीमती उसेण्डी का नाम मतदाता सूची से नहीं काटा गया है तथा उन्हें संबंधित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी 22 जनवरी को की जाएगी।

## नियमों व मानकों का पालन नहीं करने वाले 173 कॉमन सर्विस सेंटरों की आईडी निरस्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जनवरी।** जिले में कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के संचालन में बरती जा रही लापरवाही और नियमों की अनदेखी यथा निर्धारित मानकों और सही लोकेशन पर केंद्र संचालित नहीं करने के चलते जिले भर में एक साथ 173 सीएससी आईडी को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है । इस सख्त कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्पष्ट संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी मापदंडों का उल्लंघन पाए जाने पर इसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रहेगी और कुछ और आईडी भी निरस्त की जा सकती हैं । जांच में यह बात सामने आई कि जिले के कई सीएससी केंद्र तय किए गए नियमों पर खरे नहीं उतर रहे थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई सीएससी आईडी बिना किसी स्थायी केंद्र या दुकान के संचालित की जा रही थी, जो कि नियमों के विरुद्ध है । इसके अलावा कई स्थानों पर उचित कॉमन ब्रांडिंग का अभाव था, और न ही वहां सेवाओं का रेट चार्ट प्रदर्शित किया गया था। केवल कागजों पर या अस्थायी तौर पर चल रहे इन केंद्रों की वजह से आम लोगों को सही सेवाएं नहीं मिल पा रही थीं। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए ही 173 आईडी को निरस्त करने का कड़ा फैसला लिया गया है।सीएससी के सुचारू संचालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अब कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक वीएलई के लिए अनिवार्य है। नए निर्देशों के अनुसार सीएससी केंद्र का एक स्थायी पते पर संचालित होना सबसे पहली शर्त है। इसके साथ ही, केंद्र पर निर्धारित कॉमन ब्रांडिंग का होना आवश्यक है, जिसमें बैनर को केवल चिपकाने या लटकाने के बजाय सही तरीके से फ्रेम करके लगाना होगा। ब्रांडिंग में स्टेट लोगो और सीएससी आईडी साफ-साफ अंकित होनी चाहिए और इसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं होगी। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्र पर रेट चार्ट लगाना और सभी वीएलई का पुलिस वेरिफिक्केशन होना भी अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी प्रकार के डिजिटल लेन-देन केवल आवंटित सीएससी आईडी के माध्यम से ही किए जाएं।

जिन संचालकों की आईडी इस कार्रवाई के तहत निरस्त की गई है, उनके पास बहाली का एक मौका अभी भी शेष है । यदि वे उपरोक्त सभी निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करते हैं और अपनी व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप दुरुस्त कर लेते हैं, तो उनकी आईडी को पुनः चालू करने की संभावना पर विचार किया जा सकता है। सीएससी ब्रांडिंग और अन्य आवश्यक सामग्री डाउनलोड करने के लिए संचालक आधिकारिक जानकारी सुविधा केंद्र पोर्टल https://cscspv.in/common.branding.csc.html का उपयोग कर सकते हैं। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाए रखना है।

एक स्कैन से ग्रामीणों को मिली विकास कार्यों की जानकारी

# ग्राम पंचायतों में उत्सव की तरह मनाया गया आवास और रोजगार दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जनवरी।** जिले की ग्राम पंचायतों में बुधवार को शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक अनूठी पहल देखने को मिली। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नए प्रावधानों से अवगत कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने के उद्देश्य से जिले भर में आवास दिवस और रोजगार दिवस का आयोजन एक महोत्सव के रूप में किया गया।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण तकनीक और पारदर्शिता का मेल रहा। ग्रामीणों को वीबी जी राम जी योजना के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से मनरेगा के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायतों में



लगाए गए क्यूआर कोड के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया कि कैसे वे अपने मोबाइल से एक स्कैन कर पंचायत में चल रहे कार्यों, व्यय और प्रगति की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कदम डिजिटल साक्षरता और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

दूसरी ओर आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके सपनों का घर जल्द पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों और हितग्राहियों की भागीदारी से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि अधूरे आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो, ताकि पात्र परिवारों को पक्की छत मिल सके। रोजगार दिवस के सत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रत्येक पंचायत में आजीविका डबरी के निर्माण और उसके बहुउद्देशीय उपयोग की जानकारी साझा की गई। ग्रामीणों को समझाया गया कि वे किस प्रकार डबरी के माध्यम से मत्स्यपालन, बतख पालन और बाड़ी में सब्जी उत्पादन को एकीकृत कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर सकते हैं। इस महोत्सव ने न केवल ग्रामीणों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### धमतरी में 10 से 24 जनवरी तक थल सेना भर्ती रैली, जिले के सीईई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**रायगढ़, 8 जनवरी।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में 10 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली माह मई-जून 2025 में आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम-सीईई) में सफल अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है।

भर्ती रैली के अंतर्गत सीईई परीक्षा में उत्तीर्ण प्रदेश के युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक भर्ती प्रक्रियाएं निर्धारित तिथियों में संपन्न की जाएंगी। इस दौरान सारणी में उल्लेखित तिथियों के अनुसार संबंधित जिलों से चयनित युवाओं की उपस्थिति अपेक्षित रहेगी।जिला प्रशासन ने युवाओं से अनुरोध करते हुए कहा है कि सीईई परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं को निर्धारित तिथि पर धमतरी में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में उपस्थित होने के लिए आवश्यक सूचना, मार्गदर्शन ले, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भर्ती रैली से संबंधित किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी अथवा समन्वय के लिए नोडल अधिकारी सुश्री इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर निगम धमतरी से मोबाइल नंबर 6266800039 पर संपर्क किया जा सकता है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय: कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 जनवरी से

**रायगढ़, 8 जनवरी।** शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित तिथियों के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। आवेदन करने के लिए आधिकारिक www.eklavya.cg.nic.in निर्धारित की गई है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ 08 जनवरी एवं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 07 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। वेबसाईट में आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 08 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 01 मार्च 2026 नियत की गई है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं अन्य विस्तृत निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। विभाग ने सभी जिलों के प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों को भली-भांति अध्ययन कर विद्यार्थियों से समय पर आवेदन भरवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।उल्लेखनीय है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में आदिवासी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की जाती है।

### ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर कलेक्टर ने कोटवारों की समीक्षा बैठक ली

**रायगढ़, 8 जनवरी।** तहसील कार्यालय रायगढ़ के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कोटवारों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों की भूमिका, कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन तथा उपस्थिति व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने सभी कोटवारों को अपने-अपने ग्रामों में मुसाफिर पंजी का नियमित संधारण करते हुए आगंतुकों का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं की सूचना समय पर ग्राम सचिव अथवा संबंधित कर्मियों को उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उपस्थिति व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया कि कोटवार प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय बुधवार को तहसील कार्यालय तथा द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।बैठक में ग्रामों में संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या आशंका की स्थिति में तत्काल क्षेत्र के मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचित किया जाए। साथ ही शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध वृक्ष कटाई की घटनाओं पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

### पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों का इसरो श्रीहरिकोटा सहित शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट संपन्न

**धमतरी, 8 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन एवं समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीअबिनाश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी श्री गजेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल द्वारा जिला मिशन समन्वयक श्री अनुराग त्रिवेदी के नेतृत्व में दिनांक 02 जनवरी 2026 को पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के दल को शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट हेतु गया था।

इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय धमतरी के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा (इसरो अंतरिक्ष केंद्र) का सफलतापूर्वक एक्सपोजर विजिट संपन्न कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान, अंतरिक्ष तकनीक एवं नवाचार से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा का विकास करना था। विद्यार्थियों ने इसरो के प्रक्षेपण केंद्र, उपग्रह प्रक्षेपण की प्रक्रिया तथा अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त कीं।शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को पुलिकट झील के समीप स्थित प्रसिद्ध नेलपट्टू पक्षी अभ्यारण का भी भ्रमण कराया गया। यहाँ उन्हें प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके प्राकृतिक आवास, जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित हुई।इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित कांगेर धारा जलप्रपात एवं कुटुमसर गुफा का भी भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, चूना पत्थर की गुफाओं की उत्पत्ति, भूमिगत जल स्रोतों एवं जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई।

---

**अब तक 140 प्रकरण दर्ज, 7 हजार 500 क्विंटल से अधिक धान एवं 2 वाहन जब्त किए गए**

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन सुचारु पारदर्शी एवं सख्त निगरानी के साथ जारी



**धमतरी, 8 जनवरी ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को लेकर धमतरी जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में कुल 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1,29,344 किसानों का पंजीयन किया गया है। पंजीकृत किसानों में 73,949 सीमांत, 52,951 लघु एवं 2,444 दीर्घ कृषक शामिल हैं, जिनका कुल पंजीकृत रकबा 1,27,212.86 हेक्टेयर है।

दिनांक 15 नवंबर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक कुल 84,564 किसानों से 4,14,967.80 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करते हुए अब तक 78,868 किसानों को कुल 910.79 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है, शेष किसानों को भी निरंतर भुगतान किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने एवं कोचियों/बिचौलियों द्वारा अवैध भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम हेतु कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा के सख्त निर्देशानुसार जिला एवं तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। इन दलों में राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो लगातार निगरानी कर रहे हैं। अंतरराज्यीय अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए उड़ीसा सीमा क्षेत्र में बोराई (घुटकेल), बांसपानी, बनरौद एवं सांकरा में चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां नगर सैनिक, वन विभाग, मंडी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की 24 घंटे तैनाती की गई है। अब तक उड़नदस्ता दलों द्वारा अवैध धान भंडारण के 140 प्रकरण दर्ज कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें 7,558.9 क्विंटल धान एवं 02 वाहन जप्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित राइस मिलों के निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन पर 22,856.8 क्विंटल धान जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय टीम द्वारा धान उपार्जन केन्द्र मोहंदी एवं सिंगपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसान आशीष सिंह द्वारा अवैध रूप से 40 क्विंटल धान विक्रय करने का प्रयास पाए जाने पर धान जप्त किया गया। टीम द्वारा किसानों से रकबा समर्पण के नियमों का पालन करने की अपील भी की गई।

जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं खण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दलों के माध्यम से अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि पात्र किसानों को ही समर्थन मूल्य का लाभ मिले तथा उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान हितैषी बनी रहे।

---

# जिले की 549 ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार एवं आवास दिवस



**रायगढ़, 8 जनवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी 07 जनपदों की 549 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का सफल और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, पंच, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मजदूर शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हितग्राहियों को किस्त भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा समयबद्ध आवास निर्माण की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि आवास निर्माण के दौरान हितग्राही 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी के पात्र हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सके।कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'आजीविका डबरी' योजना पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण के लाभ बताए गए, जिससे सिंचाई, मत्स्य पालन एवं अतिरिक्त आय के अवसर सृजित हो सकें। इसके साथ ही योजनाओं में पारदर्शिता लाने हेतु क्यूआर कोड आधारित डिजिटल प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों को मोबाइल के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन कर योजना की जानकारी एवं प्रगति देखने के लिए प्रेरित किया गया।

---

# कलेक्टर ने डे केयर-सियान गुड़ी सेंटर का किया निरीक्षण



**रायगढ़, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जतन केन्द्र रायगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों के लिए संचालित 25 सीटर डे केयर-सियान गुड़ी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली और वृद्धजनों के हित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने केंद्र में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि डे केयर-सियान गुड़ी सेंटर का संचालन नियमित, सुव्यवस्थित एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि वृद्धजनों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके। साथ ही आवश्यक सामग्री, सुविधाओं एवं सेवाओं की निरंतर पूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र में साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, मनोरंजन एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाएं प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं सम्मान राज्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, उप संचालक समाज कल्याण जिला रायगढ़ सहित डे केयर-सियान गुड़ी सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### ऋण वसूली शिविर 14 से 29 जनवरी तक

**धमतरी, 8 जनवरी ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. धमतरी द्वारा संचालित दिव्यांग स्वरोजगार योजना एवं राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली के लिए आगामी 14 से 29 जनरी तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 14 जनवरी को सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टोरेट प्रथम तल कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 20 जनवरी को दोपहर 12 से 3 बजे तक जनपद पंचायत भवन कुरूद, 22 जनवरी को जनपद पंचायत मगरलोड और 29 जनवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने यह भी कहा कि इन शिविरों में हितग्राही ऋण की किश्त जमा कर रसीद प्राप्त करें और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए सम्पूर्ण बकाया राशि अदा करें।

---

# डॉ. चिराग अग्रवाल डीएम परीक्षा में आए प्रथम, नगर के लोगों में हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया, 8 जनवरी।** खरसिया में पले-बढ़े बचपन से ही खरसिया में शिक्षा ग्रहण करने वाले डॉ चिराग अग्रवाल ने डी.एम. की एग्जाम में फर्स्ट डिवीज़न से पास होकर अपने परिजनों को ही नही अपितु अपने समाज सहित समुचे नगर को भी गौरवान्वित किया है। विदित हो कि डॉक्टर चिराग अग्रवाल ने डी.एम. की एग्जाम पुरे भारत देश की सबसे बेहतरीन मेडिकल कॉलेज मे से एक दिल्ली स्थित वीएमएमसी सबदरजंग मे अध्ययन कर डीएम कार्डियोलॉजी की एग्जाम फर्स्ट डिवीज़न से पास कर अपने परिजनों के साथ-साथ समाज व समूचे नगर एवं जिला सहित पूरे प्रदेश को गौरान्वित किया है।

डॉक्टर चिराग अग्रवाल को कोरोना काल के भयावह दौर मे भी मरीजों को दी गई सेवाओं के लिए देश की अनेक सामाजिक संस्थाओ द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। डॉक्टर चिराग अग्रवाल डीएम कार्डियोलॉजी की एग्जाम मे फर्स्ट डिवीजन स्थान हासिल करने वाले खरसिया क्षेत्र के प्रथम डॉक्टर बने है। उनकी इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया कि यदि किसी व्यक्ति में कुछ नया कर गुजरने की जद्दोजहद हो जोश, उमंग, लगन व उन्माद हो ओर कड़ी मेहनत करे तो एक छोटे शहर में पल बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने वाला भी आसमान की ऊंचाइयों तक पहुँच कर बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। डॉक्टर चिराग अग्रवाल खरसिया के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश अग्रवाल एवं श्रीमती कौशल्या अग्रवाल के पोते एवं राजेश मेडिकोज के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल व पूर्व पार्षद श्रीमती हेमा अग्रवाल के बड़े सुपुत्र हैं। डॉक्टर चिराग को डीएम कार्डियोलॉजी की एग्जाम मे फर्स्ट डिवीज़न हासिल करने पर अजय अग्रवाल अध्यक्ष जिला ओसधी विक्रेता संघ, संजय अग्रवाल दीपक मेडिकल खरसिया, अनिल गर्ग (टिल्लू) बजरंग मेडिकल खरसिया एवं अन्य अनेक मेडिकल दुकानदार सहित अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा एवं डॉक्टर चिराग अग्रवाल की इस चमकीली सफलता पर डॉक्टर चिराग एवं उनके परिजनों को बधाईया एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

---

# उत्खनन प्रभावित क्षेत्र बरकसपाली-रेंगालबहरी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी



**रायगढ़, 8 जनवरी।** राज्य शासन की सुशासन एवं पारदर्शी नीति के तहत जिले के खनन प्रभावित एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर, सुगम एवं सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से लगातार सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व वनांचल एवं प्रभावित ग्रामों में आवागमन को सरल बनाना है।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के दूरस्थ एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तीव्र गति से स्वीकृतियां दी जा रही हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के माध्यम से ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड तमनार अंतर्गत बरकसपाली से रेंगालबहरी मार्ग निर्माण कार्य को जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क 128.09 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जाएगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही कृषि उपज के परिवहन, बाजार तक पहुंच और अन्य आर्थिक गतिविधियों में भी आसानी होगी, जिससे ग्रामीणों की आजीविका सुदृढ़ होगी और उनकी आय में वृद्धि संभव हो सकेगी।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी ने बताया कि इस सड़क निर्माण कार्य की निर्धारित अवधि एक वर्ष तय की गई है।उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ मद से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर स्वीकृतियां प्रदान की जा रही हैं, ताकि ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो सके।

---

# निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है:कलेक्टर

**रायगढ़, 8 जनवरी।** जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय विशेष आवासीय कोचिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है जिन्होंने छमाही परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।


इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी विशेष आवासीय कोचिंग शिविर स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि निरंतरता, अनुशासन और आत्मविश्वास किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि आनंद के रूप में लें, समय प्रबंधन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने लक्ष्य को पाने की तीव्र इच्छा स्वयं में विकसित करें। कलेक्टर ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि असफलताएं अंत नहीं होतीं, बल्कि वे सफलता की ओर ले जाने वाले महत्वपूर्ण अनुभव होती हैं।

शिविर का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक पंचायत सचिव एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में किया जा रहा है। विशेष आवासीय कोचिंग शिविर के प्रथम दिवस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे ने कहा कि प्रतिभा तभी निखरती है जब उसे सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और निरंतर अभ्यास मिले। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने, उत्तर लेखन में स्पष्टता रखने और समय का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के. व्ही.राव ने अपने विशेष एवं व्यावहारिक उद्बोधन में स्वयं चॉक पकड़कर कक्षा लेते हुए विद्यार्थियों के भौतिकी विषय से संबंधित संदेहों का समाधान किया। उन्होंने परीक्षा के ब्लूप्रिंट पर फोकस करते हुए अध्यायवार अंक वितरण, प्रश्न चयन और अधिकतम अंक प्राप्त करने की रणनीति विस्तार से समझाई। इस प्रत्यक्ष शिक्षण से विद्यार्थियों में विषय के प्रति आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

इस अवसर पर डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने उत्तर लेखन की तकनीक पर विशेष मार्गदर्शन देते हुए कहा कि परीक्षक के दृष्टिकोण से स्पष्ट, क्रमबद्ध और प्रभावी उत्तर ही सफलता दिलाते हैं। उन्होंने भौतिक विज्ञान में सूत्रों की प्रस्तुति, डायग्राम एवं ग्राफ के सही उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक दिनेश पटेल, जिले के सातों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.पी. पटेल, एपीसी भूपेंद्र पटेल तथा जिला नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति शाखा) एस.के.कर्ण उपस्थित रहे।

---

# कलेक्टर ने एक दर्जन से अधिक स्थलों का किया निरीक्षण



**धमतरी, 8 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा धमतरी जिले के समग्र विकास को नई दिशा और रफ्तार देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित कम्पोजिट भवन सहित जनपद पंचायत के पास गर्ल्स कॉलेज, रत्नाबांधा, रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैण्ड, अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन नया बस स्टैण्ड, कोलियारी, करेठा तथा रूद्रेश्वर मंदिर सहित एक दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण किया।

### रेलवे स्टेशन क्षेत्र में यातायात सुधार के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन के आसपास यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के शुरू होने के बाद यातायात दबाव बढ़ने की पूरी संभावना है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन से आमदी तक सड़क निर्माण की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर उच्च कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही रेक स्थल से एक्जिट प्वाइंट को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बस स्टैण्ड विकास पर विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पुराने बस स्टैण्ड में दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वहीं अर्जुनी स्थित निर्माणाधीन नए बस स्टैण्ड में प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नए बस स्टैण्ड से रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग का अवलोकन करते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पर्यटन विकास के लिए रूद्रेश्वर में सौंदर्यीकरण

रूद्रेश्वर मंदिर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घाट के किनारे पीचिंग कार्य, गार्डन एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि जिले का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

---

# 15 जनवरी तक स्वास्थ्य अमले को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

**रायगढ़, 8 जनवरी।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत एवं प्रभारी जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. बी.पी.पटेल के निर्देशन में जिले में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चंद्रा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित शैलेन्द्र कुमार मंडल, डॉ. केनन डेनियल, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी पटेल (आई.डी.एस.पी.) तथा कार्यक्रम के जिला डाटा मैनेजर श्री रामकुमार जांगड़े सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के आर.एम.ए.ध्प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, आर.एच.ओ. (पुरुष/महिला), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सी.एच.ओ.), बी.डी.एम., डी.ई.ओ., पी.ए.डी.ए. के साथ-साथ जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों को समूहवार निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।प्रशिक्षण के दौरान जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बढ़ता तापमान, असामान्य वर्षा, लू, सूखा, बाढ़, जलस्तर में गिरावट एवं वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं मानव जीवन, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर प्रभाव डाल रही हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, श्वसन संबंधी रोग, एलर्जी, जलजनित बीमारियां एवं कुपोषण जैसी समस्याओं में वृद्धि हो रही है, जिसका सर्वाधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि वायु प्रदूषण का प्रभाव अब अस्पतालों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। सांस फूलना, लगातार खांसी, आंखों में जलन, त्वचा रोग एवं अस्थमा जैसे रोग वायु प्रदूषण की गंभीरता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की नींव है। पर्यावरण संरक्षण से न केवल बीमारियों की रोकथाम होती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकता है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में प्राचार्यों को सख्त निर्देश

**धमतरी 8 जनवरी ।** जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि कक्षा 10 वीं का न्यूनतम 80 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम सुनिश्चित किया जाए।

## एक नजर

### मोडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालक पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की सूचना एवं जानकारी त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन नंबर 94792 26641 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 07.01.2026 को त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर यातायात शाखा भाटापारा की पुलिस टीम द्वारा भाटापारा शहर में मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर तेज एवं कर्कश बैकफायर की आवाज करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले 01 वाहन चालक को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त मोटरसाइकिल बुलेट क्र. छ्त्04 रूरू9952, वाहन स्वामी मोहम्मद रजा उम्र 40 वर्ष निवासी भाटापारा के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर ?5000 सम्मन शुल्क वसूल किया गया है। साथ ही कार्यवाही में पुलिस द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल में लगे मॉडिफाई साइलेंसर को भी निकलवाया गया।

### सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर किए गए पदोन्नत



**बलौदाबाजार 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा आज दिनांक 07.01.2026 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए विजय केसरिया, सुरेंद्र सिंह एवं जगदेव साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। वर्तमान में उप निरीक्षक विजय केसरिया थाना सिटी कोतवाली, सुरेंद्र सिंह थाना लवन एवं जगदेव साहू थाना हथबंद में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, बड़े बाबू शैलेंद्र प्रजापति, स्टेनो मनीष चौबे, स्थापना शाखा प्रभारी अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### जंबूरी में अवलोकन करने आने वाले लोगों को जारी किया जाएगा डे विजिटर पास

**बालोद, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाली प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समुचित व्यवस्था की गई है। जिससे कि आम नागरिकगण जंबूरी स्थल में पहुँचकर इस प्रथम प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के गतिविधियों का अवलोकन कर सकेंगे। इसके लिए जंबूरी में अवलोकन हेतु आने वाले आगंतुकों को डे विजिटर पास जारी कर जंबूरी में प्रवेश दिया जाएगा। आगंतुकगण जंबूरी स्थल के कंट्रोल रूम में अपना वैध पहचान पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत कर जंबूरी के अवलोकन कर डे विजिटर पास प्राप्त कर सकते हैं।

# व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के दीक्षांत समारोह में छात्रों को अंकसूची व प्रमाणपत्र बांटा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 8 जनवरी।** अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठ के तत्वाधान में 33 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन स्टाफ क्लब में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टेक्निकल हेड श्री राजीव सिंघल एवं सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। आपको बता दे कि प्रशिक्षण केंद्र 1992 से संचालित हो रहा है जिसमें लगभग 2083 लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस सत्र में 66 छात्र अध्ययनरत है प्रशिक्षण केंद्र से 33 बैच के 56 छात्रों ने






प्रशिक्षण प्राप्त किए है, उन्हें सभी अतिथियों ने आज अंक सूची व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।छात्रों अपने आने वाले भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। समारोह में टेक्निकल हेड राजीव राजीव सिंघल, सिक्योरिटी हेड अभिषेक तेवातिया, एच आर विभाग से ÷एचआर विभाग की सुश्री मिमांसा बरेठ,एबीपीएस स्कूल की प्राचार्य संगीता क्रिस्टोफ़र, सीजी बोर्ड के प्राचार्य अवधेश पाण्डेय, ग्राम पंचायत कुंदरु सरपंच यशवंत वर्मा,टंडवा सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा,बहेसर सरपंच प्रतिनिधि सेवक दास बर्मन मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्रों को स्किल को और आगे तक ले जाने के बारे में जानकारी दी गई साथ ही छात्रों को मानसिक शारीरिक बौद्धिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनने के लिए अपने विचार रखते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए।ज

33वां दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम एच.आर डीएच जितेंद्र तनवर के मार्गदर्शन में हुआ और वहीं संचालनकर्ता सीएसआर अधिकारी सोनाली गवारगुर,सीएसआर टीम से दीपेंद्र कुमार मिश्रा, सी.डी लहरे,मुन्नालाल बर्मन, निरूपा कश्यप, खुशबू धुरंधर सहित सरपंचगण, अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के अधिकारी कर्मचारी, स्कूल के प्राचार्य एवं छात्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### रामजानकी मंदिर में पूजा कर,सर्वोच्च शिखर पर धर्म ध्वजा की स्थापना कर सीएम साय ने कहा

# सामाजिक समरसता,सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है सिरकट्टी धाम आश्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गरियाबंद जिले के सिरकट्टी धाम आश्रम स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर धर्मध्वजा की स्थापना की। उन्होंने आश्रम को सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बताते हुए आश्रम परिसर में समरसता भवन के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद पूरे देश में जो आध्यात्मिक चेतना का वातावरण निर्मित हुआ है, उसी की अखंड धारा का विस्तार आज सिरकट्टी धाम में धर्मध्वजा स्थापना के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश ऋषि-मुनियों, साधु-संतों और आध्यात्मिक परंपराओं की पवित्र भूमि है। हमें धर्म को केवल आस्था के रूप में नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में स्वीकार करना चाहिए।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय यहीं व्यतीत किया। दंडकारण्य के रूप में विख्यात अबूझमाड़ का विशाल जंगल कभी नक्सल समस्या से प्रभावित क्षेत्र था, जो आज तेजी से नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 39 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की निशुल्क तीर्थयात्रा कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना के अंतर्गत भी अब तक पांच हजार से अधिक श्रद्धालु लाभान्वित हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के पांच शक्तिपीठों के विकास का कार्य भी निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत 148 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है तथा रतनपुर के विकास के लिए भी प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजिम कल्प-कुंभ का आयोजन भी इस बार भव्य स्वरूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीरामजानकी मंदिर का भव्य स्वरूप जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण है। लगभग 22 हजार परिवारों के सहयोग से लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह मंदिर बीते 10 वर्षों की तपस्या का परिणाम है। राजस्थान के शिल्पियों द्वारा पारंपरिक शैली में बिना सीमेंट और छड़ के उपयोग के निर्मित इस मंदिर की आयु लगभग एक हजार वर्ष आंकी गई है। उन्होंने मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की आस्था और एकजुटता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने धर्मध्वजा रोहण को ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल परंपरागत ध्वजारोहण नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ में धर्म, अध्यात्म और सामाजिक समरसता की स्थापना का प्रतीक है।

केबिनेट मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हम सभी के लिए सिरकट्टी धाम में धर्मध्वजा की स्थापना देखना अलौकिक अनुभव है। कार्यक्रम में सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर महंत संत गोवर्धन शरण व्यास ने स्वागत उद्बोधन में सिरकट्टी आश्रम की स्थापना और महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक सर्वश्री रोहित साहू, दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप, अनेक जनप्रतिनिधि, देश के विभिन्न स्थानों से आए संत-महात्मा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने दिव्यांगों को दी ट्रायसिकल अब दिनचर्या होगी आसान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को दिव्यांग शिवलाल साहु एवं संत राम कन्नौजे को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एक-एक ट्राईसिकल प्रदान किया। विकासखंड कसडोल के ग्राम सेल निवासी दिव्यांग शिवलाल साहु एवं विकासखंड पलारी के ग्राम देवरी निवासी संत राम कन्नौजे ने समाज कल्याण विभाग में सहायक उपकरण की मांग हेतु आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर समाज कल्याण विभाग द्वारा शिवलाल साहु को मोटराइज्ड ट्रायसिकल एवं संत राम कन्नौजे को चलित ट्रायसिकल प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनको रोजमर्रा के कार्यों एवं बाहर आने - जाने में आसानी होगी। ट्रायसिकल मिलने पर उन्होंने शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र घोटिया, पटेली, कुआगोंदी एवं सुरडोंगर का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिले के डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम घोटिया, पटेली, कुआगोंदी एवं सुरडोंगर धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा रकबा समर्पण के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने धान खरीदी कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को केवल साफ-सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में गणना योग्य स्टेक बनाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री आरपी राठिया, जिला खाद्य अधिकारी श्री तुलसी ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों का अवलोकन कर धान खरीदी केन्द्रों के अंतर्गत शामिल गांव के औसत पैदावार, मौजूदा खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी के कुल लक्ष्य, अब तक खरीदे गए धान की कुल मात्रा, रकबा सत्यापन आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी की भी जांच कराया। इस मौके पर श्रीमती मिश्रा ने किसानों से खरीदे गए धान का तौल कराकर प्रत्येक बोरों में धान की निर्धारित मात्रा की जांच की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को केवल साफ-सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री हेतु धान खरीदी केन्द्र लाने की समझाईश दी। श्रीमती मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को धान खरीदी की निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक शत प्रतिशत कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की समुचित खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी स्थिति में कोचियों, व्यापारियों से धान की अवैध खरीदी नही करने के निर्देश भी दिए।

# बलौदाबाजार में आयोजित की गई हेलमेट जागरूकता रैली

■ **कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं टंकराम वर्मा ने झंडी दिखाकर हेलमेट रैली को किया रवाना**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 07.01.2026 को बलौदाबाजार में यातायात जागरूकता हेलमेट रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कैबिनेट मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं श्री टंकराम वर्मा द्वारा झंडा दिखाकर हेलमेट रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय अतिथियों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा अपने संबोधन में जिला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता के संबंध में किये जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा किया गया तथा आमजनों से दोपहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट पहनने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान अधिकतर लोगों की मृत्यु सिर में चोट लगने के कारण होती है। यदि वाहन चालक हेलमेट पहने तो दुर्घटना आदि की स्थिति में निश्चय ही वाहन चालक को सिर में गंभीर चोट नहीं




आएगी, जिससे सड़क दुर्घटना में होने वाले लोगों की मृत्यु की संख्या को भी रोका जा सकता है। कार्यक्रम में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करने हेतु शपथ दिलाया गया। हेलमेट रैली का मुख्य उद्देश्य हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना एवं अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन कर बलौदाबाजार नगर में प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहों का भ्रमण किया गया एवं लोगों से मोटरसाइकिल चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# संभागायुक्त एवं आईजी ने जंबूरी स्थल में पहुँचकर व्यवस्था का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 8 जनवरी।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री राम गोपाल गर्ग ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली पहुँचकर वहाँ 09 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जंबूरी स्थल में प्रवेश द्वार से लेकर विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्थल, लोकल मार्केट स्थल, मुख्य समारोह स्थल (ऐरिना), ग्रीन रूम, युवा संसद तथा युवा संवाद एवं करियर काउंसलिंग हेतु निर्धारित स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने जंबूरी स्थल के समीप स्थित दुधली जलाशय में वाटर स्पोर्ट्स हेतु निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं श्री अजय किशोर लकरा सहित



अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस मौके पर संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने मुख्य समारोह स्थल ऐरिना में पहुँचकर मंचीय व्यवस्था के अलावा जंबूरी में शामिल होने वाले रोवर एवं रेंजर के द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य जनों, आम नागरिकों, मीडिया कर्मियों आदि की बैठक व्यवस्था के संबंध में मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को कार्यक्रम स्थल की नियमित साफ-सफाई के अलावा शौचालय एवं स्नानागारों की भी साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा पर्याप्त मात्रा में आरओ भी लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रीन रूम में पहुँचकर वहाँ बनाए गए वीवीआईपी कक्ष आदि सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने जंबूरी में आने वाले लोगों के लिए पास आदि की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने एसडीएम श्री शिवनाथ बघेल को जंबूरी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पास आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।संभागायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जंबूरी स्थल की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बालिकाओं के निवास हेतु निर्धारित स्थल में सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था करने तथा इन स्थानों पर किसी भी स्थिति में पुरूषों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नशापान करने वालों को किसी भी स्थिति में जंबूरी स्थल में प्रवेश नही देने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री आदि विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के तैयारियों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान संभागायुक्त ने ग्राम दुधली के शासकीय स्कूल में हेलिपेड निर्माण हेतु निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया।

### प्रदेश के पदोन्नत प्राध्यापकों की अंतिम वरिष्ठता सूची जारी

**रायपुर, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत पदोन्नत प्राध्यापकों की अंतिम संशोधित वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। यह सूची उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय एवं शासन द्वारा जारी पदोन्नति आदेशों के परिपालन में प्रकाशित की गई है। उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार पदोन्नत प्राध्यापकों की वरिष्ठता का निर्धारण 01 अप्रैल 2017 एवं 01 अप्रैल 2023 की स्थिति के आधार पर किया गया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर छत्तीसगढ़**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा क्र. 100/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.या./खण्ड, रायपुर, दिनांक 01.01.2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सं.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | राजिम मेला वर्ष 2026 में दिनांक 01.02.26 से 15.02.26 तक के आयोजन में पेयजल व्यवस्था प्रदाय हेतु सबमर्सिबल पंप स्थापना, सिनटेक्स टंकी, पाईप लाईन विस्तार एवं अन्य सिविल कार्य (समस्त सामग्री सहित)। (संलग्न शेड्यूल अनुसार) | 4.23 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.01.2026 सायं 5:30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**

जी-252605863/3



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**
रा.प्र.क्र. 202601092300004-ब/121-वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष साहू पिता सुखराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुसराखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र परमेश्वर साहू पिता संतोष साहू का दिनांक 10/10/2007 को ग्राम मुसराखुर्द में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र परमेश्वर साहू पिता संतोष साहू का दिनांक 10/10/2007 को ग्राम मुसराखुर्द में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र, प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। प्रकरण दर्ज किया जावे। प्रकरण में ग्राम एवं दैनिक समाचार पत्र में उद्घोषणा का प्रकाशन कराया जाये। आवेदक साक्ष्य सहित आहूत हो।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 23.01.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़(छ.ग.)**

## एक नजर

### अंबेडकर अस्पताल के सामने दोपहिया में आग

**रायपुर, 8 जनवरी।** राजधानी के डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल के सामने खड़े दोपहिया वाहन में अचानक आग लगने से आसपास के दुकानों में हड़कंप मच गया। आग लगने के दौरान वाहन में कई ब्लास्ट भी हुए। यह मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, वाहन चालक अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ा करके पास की दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान वाहन में अचानक आग लग गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुटी, लेकिन तब तक दोपहिया वाहन पूरी तरह जलकर स्वाहा हो चुका था। हालांकि, इस आगजनी में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है।

### कैट ने आम बजट के लिए केन्द्रीय वित्तमंत्री को दिया सुझाव

**रायपुर, 8 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी आम बजट हेतु आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण हेतु केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को आम बजट हेतु आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण से संबंधित सुझाव दिया गया।

### एसआईआर को अदालत में चुनौती देगी कांग्रेस

**रायपुर, 8 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस ने एसआईआर पर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेता तथा एसआईआर के रायपुर लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेमन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बूथों के पुनर्गठन पर आपत्ति की है, और चुनाव आयोग व भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को अदालत में चुनौती दी जाएगी।
कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, और अन्य प्रमुख पदाधिकारी मीडिया से रूबरू हुए।

### मेडिकल टीम कैंसर उपचार की सोच को बदल रही

**रायपुर, 8 जनवरी।** वर्षों तक स्टेज 4 कैंसर का नाम सुनते ही डॉक्टर के कमरे में एक गहरी चुप्पी छा जाती थी। यह ऐसा निदान माना जाता था, जिसके आगे कोई रास्ता नहीं दिखता था। लेकिन आज ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक शांत लेकिन प्रभावशाली बदलाव हो रहा है। इस बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं प्रसिद्ध मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल और उनकी समर्पित टीम, जिन्होंने हाल ही में 5,000 पर्सनलाइज़्ड कैंसर ट्रीटमेंट का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है। इस उपलब्धि का महत्व केवल मरीजों की संख्या में नहीं, बल्कि उस सोच में है, जिसने कैंसर उपचार की परंपरागत सीमाओं को तोड़ दिया है। अगर किसी को फेफड़ों का कैंसर है और किसी को स्तन कैंसर, तो दोनों को एक ही दवा क्यों दी जा रही है? इसका जवाब कैंसर इलाज की नई दिशा में छिपा है। पहले कैंसर का इलाज इस आधार पर किया जाता था कि वह शरीर के किस अंग से शुरू हुआ है।

### रोबोटिक सर्जरी पर विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रायपुर, 8 जनवरी।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर ने प्रतिष्ठित स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए सफलतापूर्वक एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें तीन दिनों में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस भ्रमण ने युवा विद्यार्थियों को रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी में हो रही प्रगति को समझने तथा इस अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का वास्तविक अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। सत्रों के दौरान विद्यार्थियों को दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम से परिचित कराया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने इसके कार्य करने की प्रक्रिया, उपयोग और शल्य चिकित्सा में इसके परिवर्तनकारी योगदान के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इनवेसिव और नॉन-इनवेसिव प्रक्रियाओं, न्यूनतम चीरे वाली सर्जरी तथा यह भी सीखा कि किस प्रकार रोबोटिक तकनीक सटीकता बढ़ाती है, रिकवरी समय कम करती है और मरीजों के परिणामों में सुधार लाती है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे के साथ एक रोचक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

# आयोग के अध्यक्ष ने की खाद्य योजनाओं की समीक्षा

**रायपुर, 8 जनवरी।** संदीप शर्मा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग द्वारा आयोग के सदस्य सचिव, सदस्य की उपस्थिति में सभा कक्ष खाद्य आयोग के राज्य कार्यालय में पीडीएस, मध्यान भोजन योजना और पोषण आहार योजना तथा ट्राइबल विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रवासों हेतु खाद्यान पर आधारित योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ तीन माह में चौदह जिले के दौरा के संबंध में समीक्षा बैठक में

चर्चा की गई। बैहक में अध्यक्ष द्वारा संबंधित सभी विभागों को व्यवस्था को सुचारू रूप से अंतिम स्तर तक पहुचे इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए 7 त्रैमासिक अन्तर्विभागीय समीक्षा - सामान्य जानकारी अवधि - सितम्बर से दिसंबर 2025 तक की हैं जिसमे आयोग के दल द्वारा निरीक्षण किये गए जिसमे जिलों की संख्या-14, कुल निरीक्षित उचित मूल्य दुकान 33, कुल निरीक्षित आँगनबाड़ी केंद्र 17, कुल निरीक्षित स्कूल 13, कुल निरीक्षित आश्रम/छात्रावास 16



हैं 7 निरीक्षण के दौरान पायी गई कमियों और जाँच के अनुसार अध्यक्ष द्वारा अनुशंसाएं की खाद्य विभाग के लिए उचित मूल्य दुकान में सूचनाओ का अनिवार्य प्रदर्शन सुनिश्चित किया जावे . समस्त निर्धारित कार्य दिवसों में दुकानो का खुलना सुनिश्चित किया जावे . दुकानों के स्टाक का मिलान कर ई-पोश मशीन में सही मात्रा दर्ज की जावे। एपीएल और फोर्टीफाइड पृथक-पृथक भण्डारण कराया जावे और चावल का अवैज्ञानिक भण्डारण सुनिश्चित किया जावे. दुकानों में स्टाक के वितरण में स्न्द्धस्न्ह का पालन कराया जावे . ट्रक चालान की प्राप्ति 24 घंटे के भीतर कराया जावे . रैंडम चयनित दुकानों की जांच तथा प्राप्त शिकायतों की जांच समयबद्ध रूप से पूर्ण गंभीरता से किया जावे। इस तरह महिला बाल विकास विभाग में आयोग की अनुशंसाएं ङ्क आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की संख्या तथा पोषण ट्रेकर में दर्ज संख्या का मिलान किया जावे. सुपरवाईजर द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों की नियमित तथा आकस्मिक जांच की जावे.

# जी राम जी पर कांग्रेस फैला रही भ्रम : नेताम

**रायपुर, 8 जनवरी।** सरकार द्वारा मजदूरों के हित में चलाई जा रही मनरेगा योजना को बदलकर अब वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन के लिए गारंटी) कर दिया गया है. कांग्रेस देशभर में इसका विरोध कर रही है. इसी कड़ी में आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं. उनके आगमन को लेकर मंत्री रामविचार नेताम ने पायलट के दौरे पर तंज



कसते हुए कहा कि कांग्रेस विपक्ष में है, इसलिए उन्हें बैठक करने का अधिकार है, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे पर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है और इसमें सफल नहीं होगी. सचिन पायलट सैर-सपाटा कर के चले जाएंगे, ईंधन की कमी होगी तो भरकर चले जाएंगे.

बता दें, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज दोपहर 12.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद वे दोपहर 1 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. दोपहर 2 बजे नव-नियुक्त जिला अध्यक्षों के साथ चर्चा होगी. इन बैठकों में मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन की रूपरेखा पर मंथन किया जाएगा. पायलट शाम 5.55 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे. मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि जी राम जी योजना से श्रमिक वर्ग को लाभ मिलेगा, जिन कार्यों को पहले शामिल नहीं किया जा पाता था, उन्हें अब जोड़ा गया है. सरकार पूरी कार्ययोजना के साथ काम कर रही है।

# अवैध प्लॉटिंग पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

**रायपुर, 8 जनवरी।** रायपुर नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शहर के अलग अलग इलाकों में अवैध निर्माण व प्लॉटिंग पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत बोरियाखुर्द में मंगलवार को जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के नेतृत्व में आरडीए बिल्डिंग के पास लगभग 3 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान मुरुम से बने अवैध सड़क को तोड़कर पूरी तरह बाधित कर दिया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले जोन 10 क्षेत्र में दो अवैध प्लॉटिंग प्रकरणों में कुल 1.845 हेक्टेयर भूमि को लेकर नगर निगम अधिनियम के तहत प्रबंध अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है।


इस संबंध में आम सूचना का प्रकाशन भी किया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि रायपुर नगर निगम के इतिहास में यह पहली बार है, जब अवैध प्लाटिंग के मामलों में प्रबंध अधिग्रहण जैसी कड़ी कार्रवाई की गई है। जोन 10 के ही अंतर्गत लालपुर फल मंडी के पीछे आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग की शिकायतें मिलने पर नगर निगम ने 26 गोदाम संचालकों को नोटिस जारी किया हैं। नियमों के तहत नोटिस



प्रक्रिया पूरी होने के बाद अवैध निर्माण हटाने, सीलबंदी करने या नियमानुसार राजीनामा कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जोन 10 की टीम ने सड़क पर अवरोध, ग्रीन नेट लगाने और सी एंड डी वेस्ट फैलाने जैसे मामलों में सख्ती दिखाते हुए 21 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला है। इसके अलावा शहीद चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक 60 के अंतर्गत गोकुल नगर के सिमरन सिटी में बिना अनुमति के अवैध निर्माण को भी हटाया गया है, जहां जोन 6 की उड़नदस्ता टीम ने 20 अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ा गया है।

# भूपेश बघेल बने असम के सीनियर ऑब्जर्वर

**रायपुर, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। दरअसल ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने आगामी चार राज्यों के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पर्यवेक्षकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में एआईसीसी ने भूपेश बघेल को असम का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी की चुनावी रणनीति के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी इस सूची में अलग-अलग राज्यों के लिए कई वरिष्ठ नेताओं को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है। इन नेताओं को संगठनात्मक मजबूती, चुनावी तैयारियों और जमीनी फीडबैक की जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल ने राज्य में कांग्रेस को मजबूत आधार दिया। अब एआईसीसी स्तर पर लगातार मिल रही जिम्मेदारियां उनके राष्ट्रीय कद को और मजबूत करती हैं।

# सेजबहार के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक निवास घेरा



**रायपुर, 8 जनवरी।** सेजबहार के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार को सुबह विधायक मोतीलाल साहू का घेराव कर दिया। सभी ग्रामीण आक्रोशित हैं। बताया गया है कि सेजबहार फेस 3 बनाने के लिए सैकड़ों मकान तोड़ने का आदेश जारी किया गया है। इसे लेकर लोगों ने यह घेराव कर दिया।

# भाजपा का धर्मांतरण का विरोध दिखावा

**रायपुर, 8 जनवरी।** महासमुंद जिले के भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी की घोषणा विगत दिनों हुई, जिसमें धर्मांतरित व्यक्ति जीवन तांडी को जिला महामंत्री एवं अनुप तांडी को मंडल अध्यक्ष पद पर नवाजा गया। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का विरोध करती है वहीं दूसरी ओर धर्मांतरण करने वालों को अपने ही पार्टी में पद देकर सुशोभित करती है। इसका ताजा उदाहरण



महासमुंद जिले की अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकारिणी घोषणा के बाद सामने आया है।भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि जीवन तांडी एवं अनूप तांडी ने अल्पसंख्यक वर्ग में कब शामिल हुए है? विधिवत प्रक्रिया का पालन कर शामिल हुए है या धर्मांतरण कर जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करती रही है उसी प्रक्रिया से धर्मांतरण किया है।

## PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 8 जनवरी। विधायक सुनील सोनी ने आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 10 आकांक्षी शौचालयों के निर्माण का भूमिपूजन किया।**

# स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराई जांच

**रायपुर, 8 जनवरी।** सेवा वेलफेयर समिति के द्वारा कुशालपुर चौक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा वेलफेयर समिति एवं वामन राव लाखे वार्ड के पार्षद कृष्णा बप्पी सोनकर तथा बालाजी हॉस्पिटल के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच, आंखों की जांच, दांतों की जांच सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न परीक्षण किए गए। साथ ही लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार, रोगों की रोकथाम एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कुल 100 लोगों को लाभान्वित किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस स्वास्थ्य शिविर में सेवा वेलफेयर समिति के अध्यक्ष मनीष टिकरिहा, संरक्षक दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष आदित्य टिकरिहा, सचिव देवेंद्र चंद्राकर, एवं निखिल शुक्ला उपस्थित थे। सेवा वेलफेयर



समिति के अध्यक्ष ने बताया कि समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना संगठन की प्रमुख प्राथमिकता है, और भविष्य में भी जनहित के लिए इसी प्रकार के सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

**आयोजन** / वामनराव लाखे उच्च माध्यमिक शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह

# लाखे स्कूल में विद्यार्थियों ने दिखाई सांस्कृतिक प्रतिभा

**रायपुर, 8 जनवरी।** शिक्षा प्रचारक समिति, रायपुर द्वारा संचालित वामनराव लाखे उच्च माध्यमिक शाला एवं एस.पी. इंग्लिश मीडियम स्कूल, हीरापुर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय प्रांगण में गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे, महापौर थीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, महिला बाल विकास आयोग द्वारा की गई। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों की



आवश्यकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी, अध्यक्ष, प्रबंध समिति रायपुर ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

समारोह में स्वागतकर्ता के रूप में अनिल तिवारी, सचिव, प्रबंध समिति आर.के. गुप्ता, उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मिडिल क्लास (कक्षा 6 से 8) के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इसके पश्चात प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 5) के विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं समूह नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्यगण एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिनमें श्रीमती भारती यादव, प्राचार्य, वामनराव लाखे उ.मा. शाला, गांधी चौक, रायपुर श्रीमती मंजू साहू, प्राचार्य, वामनराव लाखे उ.मा. शाला, हीरापुर, रायपुर डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, गांधी चौक, की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## राडा ऑटो एक्सपो 20 जनवरी से 5 फरवरी तक



**रायपुर, 28 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, यह एक्सपो 20 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक राम बिजनेस पार्क (ऑटो एक्सपो ग्राउंड), रायपुर में आयोजित होगा। 17 दिनों के इस भव्य आयोजन में ग्राहकों को न केवल नवीनतम वैश्विक ब्रांड्स के वाहन देखने को मिलेंगे, बल्कि सरकार की टैक्स छूट से उनकी भारी बचत भी होगी। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आगामी 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' के लिए रोड टैक्स (जीवनकाल कर) में 50 प्रतिशत की भारी रियायत देने के निर्णय का भव्य स्वागत किया है। संस्था ने इसे प्रदेश के ऑटोमोबाइल जगत और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए नए साल का सबसे बड़ा तोहफा करार दिया है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने इस निर्णय को दूरगामी बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के साथ गृह मंत्री विजय शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। भसीन ने कहा, सरकार के इस सहयोग से प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी और व्यापारिक वातावरण में सकारात्मक संदेश जाएगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26